दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 08 जुलाई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 199 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## धर्मपाल सिंह की मां को श्रद्धांजलि देने बिजनौर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी

### कांवड़ यात्रा मार्ग का हवाई सर्वे किया





**बिजनौर:** बीजेपी के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माता भगवती देवी के निधन पर सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके गांव हुरनंगला पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। भगवती सिंह का निधन शनिवार रात 95 वर्ष की आयु में उनके पैतृक आवास पर हुआ था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मपाल सिंह के परिवार को सांत्वना देते हुए उनकी माता जी तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री सोमवार की दोपहर लखनऊ से राजकीय विमान द्वारा गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट आज पहुंचे। इसके बाद उन्होंने राजकीय हेलीकॉप्टर से कांवड़ यात्रा मार्ग का हवाई सर्वेक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सर्वेक्षण के बाद वे हेलीकॉप्टर से नगीना क्षेत्र के गांव हुरनंगला पहुंचे। जहां उन्होंने शोकाकुल परिवार के साथ समय बिताया। इससे पहले, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माता जी भगवती देवी की अंत्येष्टि में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी गंगा बैराज घाट पर रविवार को शामिल हुए थे।

मुख्यमंत्री के हुरनंगला आगमन के अवसर पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) कपिलदेव अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, एमएलसी डॉ महेंद्र कुमार सिंह, एमएलसी अशोक कटारिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तीन फ्लाईओवर के निर्माण को लेकर जनरल ने सीएम को भेजा रिमाइंडर



### जन कल्याण हेतु जनरल चाहते थे तीन सेतु

करंट क्राइम। तीन साल बीते और तीन सेतु के निर्माण हेतु कुछ नहीं हुआ। जनरल चाहते थे कि गाजियाबाद में तीन सेतु का निर्माण हो। इनमें पहला सेतु गाजियाबाद शहर में शास्त्रीनगर चौराहे तथा एएलटी सेंटर के मध्य हापुड़ चुंगी पर बनना था। दूसरा सेतु साहिबाबाद विधानसभा में भोपुरा मोड़ शालीमार गार्डन से लेकर सम्राट पृथ्वीराज चौहान चौक तक चार लेन का बनाया जाना था और तीसरा सेतु लोनी विधानसभा क्षेत्र के फर्रुखनगर से राजनगर एक्सटेंशन के मध्य हिंडन नदी पर बनाया जाना था।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनरल वीके सिंह अब मिजोरम के राज्यपाल हैं, लेकिन मिजोरम जाने के बाद भी उनका मन गाजियाबाद में रमता है। वो यहां से लगातार दस साल लोकसभा सांसद रहे हैं। कई विकास के काम कराए हैं और अभी भी उनको गाजियाबाद के विकास की फिक्र रहती है। राज्यपाल बनने के बाद उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कराये गए कार्यों का उद्घाटन किया और वो अक्सर पत्र लिखते रहते हैं। इस कड़ी में उन्होंने सात जुलाई को एक पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखा। इस पत्र में उन्होंने ये बताया कि उन्होंने 29 अप्रैल 2022 एक पत्र लोक निर्माण विभाग मंत्री को लिखा था और इस पत्र में गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता की सुविधाओं तथा विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए सेतु निर्माण के लिये कहा था। तीन साल बीतने के बाद भी जब पुल को लेकर कोई कार्यवाही नहीं हुई तो अब तीन साल बाद जनरल वीके सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा और उनसे तीन पुलों के निर्माण को लेकर उनका ध्यान आकृष्ट किया है और कहा है कि जनहित में जल्द से जल्द इन विकास कार्यों को करवाया जाए। वर्ष 2022 में जनरल वीके सिंह ने तत्कालीन लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद को ये पत्र लिखा था।



## नीरज सिंह आज यूपी गेट से बिजनौर के लिए होंगे रवाना



**यूथ आइकॉन नीरज सिंह आज सुबह 11 बजे यूपी गेट पहुंचेंगे। नीरज सिंह जब यूपी गेट पहुंचेंगे तो यहां भाजपा के कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** यूथ आइकॉन नीरज सिंह आज सुबह 11 बजे यूपी गेट पहुंचेंगे। नीरज सिंह जब यूपी गेट पहुंचेंगे तो यहां भाजपा के कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। दरअसल नीरज सिंह यूपी गेट से नाटूर के लिये रवाना होंगे। वो भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माता के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिये जा रहे हैं। नीरज सिंह की गाजियाबाद के भाजपा कार्यकताओं में अपनी एक अलग टीआरपी है। ये उसी का असर है जब आज सुबह नीरज सिंह यूपी गेट पहुंचेंगे और नाटूर के लिये रवाना होंगे तो यहां उनके साथ भाजपा एक पूरा काफिला जुड़ जाएगा। इस काफिले में संगठन के कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल होंगे। ये सभी भाजपा कार्यकर्ता नीरज सिंह के साथ नाटूर पहुंचेंगे और प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माता के निधन पर शोक व्यक्त करेंगे।

## पंकज शर्मा बने जोनल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता पंकज शर्मा को भारत सरकार के रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड द्वारा गठित उपभोक्ता सलाहकार समिति में सदस्य बनाया गया है। पंकज शर्मा को समिति का सदस्य बनाए जाने की घोषणा नॉर्दन रेलवे के जनरल मैनेजर द्वारा की गई। पंकज शर्मा गाजियाबाद से लिये गये हैं और उनके अलावा जो दो सदस्य और लिये गये हैं उनमें एक हरियाणा और दूसरे को दिल्ली से स्थान मिला है। रेलवे की समिति ने पंकज शर्मा को स्थान देकर राजनीति का भी एक संदेश दिया गया है। पंकज शर्मा बौद्धिक राजनीति का तर्कशील चेहरा माने जाते हैं। वो राजनीति के सौम्य और शिक्षित चेहरों में शामिल होते हैं। उनकी अपनी एक अलग पहचान है। भाजपा में आने के बाद किसी सरकारी संस्था में महत्वपूर्ण दायित्व के साथ यह उनकी शुरूआत है। क्षेत्रीय रेलवे उपभोक्ता समिति का सदस्य अपने आप में एक प्रतिष्ठित पद माना जाता है। पंकज शर्मा वैसे भी राजनीति के गलियारों में अपने अच्छे व्यवहार और उच्च संपर्कों के लिये जाने जाते हैं। वो राजनीतिक शिष्टाचार और अपने व्यवहार के चलते लोकप्रिय हैं।



**रेलवे की समिति ने पंकज शर्मा को स्थान देकर राजनीति का भी एक संदेश दिया गया है। पंकज शर्मा बौद्धिक राजनीति का तर्कशील चेहरा माने जाते हैं।**

रेलवे समिति ने उनको सदस्य बनाये जाने पर उनके समर्थकों ने, शुभचिंतकों ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया। पंकज शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि वह पार्टी द्वारा दिये गये इस सम्मान से अभीभूत हैं और पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरी राजनीति का एक उसूल यह रहा है कि हमेशा कार्यकर्ता भाव के साथ काम करुं। उन्होंने कहा कि वह हमेशा पूर्ण समर्पण और सत्यनिष्ठा के साथ काम करेंगे।

## जल्द न्यू लुक ऑफिस में बैठेंगे पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड

### एंट्री गेट से लेकर रूम का इंटीरियर किया गया है पूरी तरह से अपग्रेड

### बनकर तैयार हुआ पुलिस कमिश्नर का न्यू लुक ऑफिस






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कमिश्नर जे रविंदर गौड के आने के बाद से लगातार पुलिस के अधिकारियों के कार्य स्थल थाने और चौकियों को अपग्रेड किया जा रहा है। तो वहीं बीते दिनों पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के कार्यालय का भी मोडिफिकेशन और उसे न्यू लुक प्रदान किया जा रहा है। पुलिस ऑफिस में कमिश्नर के कार्यालय और कक्ष को अब बेहद हाईटेक इंटीरियर डिजाइन से सजाया गया है। तो वहीं सीपी कक्ष व कार्यालय के एंट्री गेट से लेकर पुलिस कमिश्नर ऑफिस के रूम को अपग्रेड किया गया है।

पुलिस कमिश्नर का खुद का ऑफिस अब पहले से ज्यादा सुंदर और रोशनी से जगमग नजर आएगा। तो वहीं कई अन्य बदलाव भी यहां देखने को मिलेंगे। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि अगले कुछ दिनों में पुलिस कमिश्नर नए लुक में डिजाइन किए गए ऑफिस से अपनी वर्किंग शुरू करेंगे।

### इंटीरियर से लेकर डेकोरेशन पर दिया गया है ध्यान

करंट क्राइम : गाजियाबाद पुलिस मुख्यालय में बना पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कार्यालय पहले से ज्यादा सुंदर, हाईटेक और लाइटिंग से सजा हुआ नजर आएगा। इसको बनाने और इंटीरियर डिजाइन किए जाने का काम लगभग पूरा हो गया है। तो वहीं आने वाले एक से दो दिनों के भीतर ही पुलिस कमिश्नर यहां से अपनी वर्किंग शुरू करेंगे। साथ ही पुलिस कमिश्नर कक्ष की टेबल से लेकर वॉल पेपर और फ्लोर से लेकर विंडो तक को बदल गया है। नई स्टैंड घड़ी से लेकर स्क्रीन तक नजर आएगी। अब पुलिस कमिश्नर अपने कार्यालय में बैठे-बैठे शीशे से एंट्री और एग्जिट गेट को देख पाएंगे। तो उनके ऑफिस से आसपास का नजारा भी वह बिना सीसीटीवी के देख सकेंगे। पुलिस कमिश्नर ऑफिस में जहां उनके कार्यालय का लुक बदल गया है। तो वहीं कार्यालय के पीछे बने कक्ष को भी एयर कंडीशन लगाने के साथ ही यहां टॉयलेट और रेस्ट रूम को भी आधुनिक बनाया गया है।



### एंट्री गेट पर की गई है लाइटिंग, नेम बोर्ड दे रहा है नया लुक






करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के कमिश्नर जे रविंदर गौड का कार्यालय अब पहले से ज्यादा सुंदर, हाईटेक और रोशनी से भरा हुआ नजर आएगा। पुलिस कमिश्नर ऑफिस के मेन गेट पर लाइटिंग की गई है। तो वहीं उनके कक्ष में भी एलईडी लगाई गई है। जिससे रोशनी भरपूर रहे और आने वाले फरियादियों को सुविधा हो। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर ऑफिस के मेन गेट पर पुलिस कमिश्नर की नई नेम प्लेट और बोर्ड को भी बेहद सुंदर और लाइटिंग वाला बनाया गया है। साथ ही कई अन्य सुधार आने वाले दिनों में यहां देखने को मिलेंगे।

### मुख्य बिल्डिंग में भी चल रहा है तेजी से काम, अब रात को भी जगमग होगा पुलिस ऑफिस



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट के मुख्य पुलिस ऑफिस में जहां सीपी के कक्ष और कार्यालय को बेहतर बनाया जा रहा है। तो वहीं मुख्य बिल्डिंग में भी काम चल रहा है। पुलिस ऑफिस में एंट्री और एग्जिट गेट को पूरा करने का काम अंतिम दौर में चल रहा है। तो यहां लगे पिलर भी अनकर तैयार हो रहे हैं। इसके साथ ही पुलिस ऑफिस के सामने बनी मुख्य दीवार पर लाइटिंग लैंप भी लगाए जा रहे हैं ताकि यहां रात में भी दूर से रोशनी नजर आए और पूरे कार्यालय में आने वाले दिनों में बड़ी एलइडी लाइट लगाई जाएगी ताकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और पुलिस कमिश्नर का ऑफिस दूर से ही जगमग नजर आएगा।

## मुख्यमंत्री और डीजीपी उत्तर प्रदेश का गाजियाबाद में लग सकता है कांवड़ यात्रा निरीक्षण कार्यक्रम

### कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं का लेंगे जायजा और कर सकते हैं हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में प्रशासनिक और विभागीय स्तर पर बड़ी तैयारी चल रही है। तो पुलिस कमिश्नरेट के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है की कांवड़ यात्रा शुरू होने के दौरान उत्तर प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्ण गाजियाबाद या मेरठ का दौरा कर सकते हैं। वह यहां हेलीकॉप्टर के जरिये शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। इससे पहले उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी रहे प्रशांत कुमार भी इस परंपरा को निभा चुके हैं। तो माना जा रहा है कि नए डीजीपी राजीव कृष्णा भी ऐसा पश्चिम उत्तर प्रदेश के

### मुख्यमंत्री का भी लग सकता है सरकारी कार्यक्रम

करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियां का दौर लगातार जारी है। तो खुद जिला अधिकारी और पुलिस कमिश्नर सड़कों पर उतरकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। सरकारी अम्लों को कमियां दूर करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। तो सूचना मिल रही है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कांवड़ यात्रा के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रमुख जिलों के दौरे पर आ सकते हैं। उधर पुलिस-प्रशासन के सूत्रों ने बताया है कि वैसे सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हेलीकॉप्टर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई शहरों का हवाई निरीक्षण भी किया है। उधर पुलिस महकमे मुख्यमंत्री और उत्तर प्रदेश के डीजीपी के कार्यक्रम को लेकर अपने स्तर पर तैयारी की जा रही है, पर अभी फाइनल कार्यक्रम लखनऊ से जारी नहीं हुआ है। कहा जा रहा है कि कार्यक्रम जारी होते ही पुलिस के अधिकारी रूट पर उतरकर पूरा कार्यक्रम फाइनल करेंगे ताकि किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना होने पाए।




# पानी-पानी हुआ दिल्ली-एनसीआर, एनच-9 पर लगा भीषण जाम

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में सुबह से बारिश हो रही है। वहीं, इंतजार के बाद हुई झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई है। उधर, फरीदाबाद में लंबे इंतजार के बाद आज सुबह तेज बारिश हुई। पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार, विकास मार्ग क्षेत्र में भी तेज बारिश हुई। बारिश से पांडव नगर के नजदीक अंडरपास में जलभराव हुआ है। उधर, एनएच-9 पर विनोद नगर डिपो के पास जलभराव हुआ है, जिस वजह से एनएच-9 पर टोल के पास वाहन जाम में फंसे हुए हैं। इस दौरान कुछ वाहन लेन बदलकर विपरीत दिशा में भी चलते दिखे।

**फरीदाबाद में लंबे इंतजार के बाद आज सुबह तेज बारिश हुई**

फरीदाबाद में एक लंबे इंतजार के बाद सोमवार सुबह मेघ बरस ही पड़े। तेज हवा के साथ सुबह साढ़े पांच बजे वर्षा शुरू हुई। इससे पूर्व एक सप्ताह पहले वर्षा हुई थी, पर उसके बाद मानसून के बादल बन तो रहे थे, लेकिन बिन बरसे ही कहीं चले जाते थे। इस कारण से जबरदस्त उमस भरा माहौल हो गया था। वहीं, उमस भरी गर्मी में लोग परेशान हो रहे थे। गर्मी के कारण बिजली की मांग भी एक फिर बढ़ गई थी। अब वर्षा होने से कुछ राहत मिलेगी। मेघ बरसने के साथ ही बिजली भी गुल हो गई है। इधर, सप्ताह का पहला दिन होने और सुबह के समय वर्षा शुरू होने से ऑफिस जाने वालों लोगों और स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानी होगी। क्योंकि शहर की सड़कें जलमग्न होनी शुरू हो गई हैं।




**रेवाड़ी में झमाझम वर्षा :** रेवाड़ी में भी एक सप्ताह बाद रेवाड़ी में गरज चमक के साथ फिर वर्षा हो रही है। सुबह तीन बजे से शुरू हुई वर्षा से जगह-जगह पानी भर गया। इससे पहले पिछले सोमवार को भी इसी प्रकार की वर्षा हुई थी। इसके बाद पूरे सप्ताह भर कभी बादल छाए रहे तो कभी हल्की धूप निकलती रही। इससे उमस भरा माहौल बना हुआ था। पिछले दो दिनों से धूप कम निकली थी।




सुबह से कभी तेज तो कभी हल्की वर्षा होने से एक ओर जहां उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। वहीं जगह-जगह जलभराव से सड़कें और पार्क लबालब हैं। सीवर सिस्टम की बदहाली से प्रशासन के दावों की पोल खोल दी है।

# प्राथमिक स्कूलों के विलय का रास्ता साफ

## हाईकोर्ट ने आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाएं खारिज कीं

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से स्कूलों के विलय मामले में राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने प्राथमिक स्कूलों के विलय के आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाओं को सोमवार को खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर यह फैसला सुनाया। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है।



**बच्चों के मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का उलंघन करने वाला आदेश :** याचियों ने इसे मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला कहा था। साथ ही मर्जर से छोटे बच्चों के स्कूल दूर हो जाने की परेशानियों का मुद्दा भी उठाया था। याचियों की ओर से खासतौर पर दलील दी गई थी कि स्कूलों को विलय करने का सरकार का आदेश, 6 से 14 साल के बच्चों के मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का उलंघन करने वाला है।

उधर, राज्य सरकार की ओर से याचिकाओं के विरोध में प्रमुख दलील दी गई कि विलय की कार्रवाई, संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल के लिए बच्चों के हित में की जा रही है। सरकार ने ऐसे 18 प्राथमिक स्कूलों का हवाला दिया था, जिनमें एक भी विद्यार्थी नहीं है।

**शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिहाज से लिया गया निर्णय :** कहा कि ऐसे स्कूलों का पास के स्कूलों में विलय करके शिक्षकों और अन्य सुविधाओं का बेहतर उपयोग किया जाएगा। सरकार ने पूरी तरह शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिहाज से ऐसे स्कूलों के विलय का निर्णय लिया। कोर्ट ने बीते शुक्रवार को सुनवाई के बाद में फैसला सुरक्षित कर लिया था। इसे सोमवार की दोपहर में सुनाया।

# कांवड़ यात्रा : हाईवे पर 11 से नहीं चलेंगे भारी वाहन

## मुरादाबाद से दिल्ली-मेरठ जाने के लिए रूट तय

**नई दिल्ली।** कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दीं हैं। कांवड़ मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। साथ ही जगह-जगह पुलिस ड्यूटी प्वाइंट भी बनाए जा रहे हैं। 14 जुलाई को सावन का पहला सोमवार होगा, लेकिन हाईवे पर 11 जुलाई की शाम छह बजे से भारी वाहनों का संचालन बंद कर दिया जाएगा।

हरिद्वार और ब्रजघाट से कांवड़िए गंगाजल लेकर रामपुर, शाहजहांपुर, बरेली, बदायूं समेत अन्य जिलों जाते हैं। यह कांवड़िये मुरादाबाद से होकर गुजरते हैं। जिस कारण दिल्ली रोड और कांठ रोड पर कांविड़यों की भी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने इस बार भी रूट डायवर्जन तैयार किया है।




एसएसपी सतपाल अंतिल ने कांवड़ मार्गों का निरीक्षण करने के साथ अधीनस्थ अधिकारियों को अलर्ट कर दिया है। इस दौरान कांवड़ियों की सुरक्षा करने के साथ ही यातायात संचालन में कोई दिक्कत न हो। इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। सावन का पहला सोमवार 14 जुलाई को है। दिल्ली और कांठ रोड पर रोडवेज, निजी बस, डंपर, ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन 11 जुलाई की शाम छह बजे से लागू कर दिया जाएगा। इसके अलावा 13 जुलाई की सुबह आठ बजे से कार, पिकअप वाहन समेत हल्के चार पहिया वाहनों का संचालन भी बंद कर दिया जाएगा।

### 13 की सुबह से छोटे वाहन भी रोके जाएंगे

**रूट डायवर्जन:** मुरादाबाद से मेरठ और दिल्ली के लिए

मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जाने वाले समस्त वाहन मुरादाबाद से बिलारी, संभल, बबराला, नरौरा, डिबाई, बुलंदशहर, सिकंदराबाद होते हुए मेरठ और दिल्ली जाएंगे और इसी मार्ग से वापस आएंगे।

**रामपुर से मुरादाबाद के लिए :** रामपुर से शाहबाद, बिलारी, होकर अस्थायी बस स्टैंड आजाद नगर पहुंचेंगे। इसी मार्ग से वापस जाएंगे।

कांवड़ यात्रा शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। कांवड़ मार्गों का निरीक्षण कर लिया गया है। कहां-कहां ड्यूटियां लगाई जाएंगी। उसके प्वाइंट बना लिए गए हैं। पहला सोमवार 14 जुलाई को है लेकिन हाईवे पर भारी वाहनों के लिए 11 जुलाई की शाम छह बजे से और कार पिकअप समेत अन्य हल्के वाहनों के लिए 13 जुलाई की सुबह आठ बजे से रूट डायवर्जन किया जाएगा। - सतपाल अंतिल, एसएसपी

### 150 स्ट्रीट लाइट से रोशन होगा कांवड़ पथ

मुरादाबाद शहर की तर्ज पर अब अगवानपुर स्थित कांवड़ पथ को सजाने संवारने की तैयारी है। अगवानपुर में कांवड़ मार्ग के किनारे स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही हैं। कांवड़ मार्ग रोशन होने से आम लोगों का आवागमन आसान होगा। सावन माह में कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से शुरू होने जा रहीं है।

# इंडिया गठबंधन ने चुनाव आयोग के खिलाफ खोला मोर्चा

## नौ जुलाई को बिहार में चक्का जाम!

## मतदाता पुनरीक्षण कार्य का विरोध

**पटना।** इंडिया गठबंधन के नेताओं ने एकजुट होकर चुनाव आयोग के मतदाता पुनरीक्षण कार्य का विरोध किया गया है। सोमवार दोपहर इंडिया गठबंधन के नेताओं ने राजद कार्यालय में प्रेस कॉफ्रेंस किया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोग नौ अप्रैल को पूरे बिहार में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। बिहार के हर जिले में चक्का जाम किया जाएगा। लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है। चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था का दुरुपयोग किया जा रहा है। बिहार के गरीबों, वंचितों, दलितों के मतदान के अधिकार से वंचित करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि गरीब मतदाताओं के साथ अन्याय हो रहा है। इसके विरोध में हमलोग पूरे बिहार में चक्का जाम करेंगे। इसमें राहुल गांधी भी शामिल होंगे। हमलोग पूरी मजबूती के साथ इस काम को पूरा करेंगे।




### इसका संवैधानिक एवं कानूनी आधार क्या है?

तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोगों ने पहले भी यह सवाल पूछा था कि आज फिर से पूछ रहे हैं कि क्या बिहार विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़वाने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग को केवल 11 दस्तावेज मांगने का ही अधिकार है? इसका संवैधानिक एवं कानूनी आधार क्या है? क्या भारतीय निर्वाचन आयोग को यह अधिकार है कि वह केवल उन्हीं 11 दस्तावेजों को मान्य माने और किसी अन्य दस्तावेज को खारिज कर दे? तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनाव आयोग पूरी तरह कंफ्यूज हैं। अलग-अलग बात कह रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि नीतीश कुमार के राज में लोग दहशत में जीने को विवश हैं।

### काम में लगाए गए शिक्षक परेशान हो चुके हैं

तेजस्वी यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने बताया कि प्रत्येक बीएलओ के साथ चार स्वयंसेवक लगाए गए हैं।

हमने पूछा कि ये वॉलियंटर्स कौन हैं और इनके चयन का मानदंड क्या है? क्या वो सरकारी कर्मचारी है अथवा अन्य लोग? हमने माँग रखी कि चुनाव आयोग बीएलओ की तरह इन वॉलंटियर्स की भी सूची प्रकाशित करें ताकि सभी लोग उनका सत्यापन कर सकें।

# प्राइमरी स्कूल के शिक्षक की गोली मारकर हत्या

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के बिलारी में प्राइमरी स्कूल के शिक्षक प्रवीण सिंह (45) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनका शव रविवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे सोनकपुर के रमपुरा धतरारा गांव के जंगल में पड़ा मिला।

शव के पास उनकी बाइक खड़ी मिली। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। परिवार की ओर से किसी से कोई रंजिश की बात से इन्कार किया। शिक्षक के साले ने तहरीर देकर इस मामले में जांच कराने की मांग की है। मूलरूप से रमपुरा धतरारा गांव निवासी प्रवीण सिंह करीब दस साल से संभल जिले के चंदौसी के मोहल्ला अशोक नगर में परिवार के साथ रह रहे थे। उनके परिवार में पत्नी गुडडो, बेटा अमन और बेटी दिव्यांशी हैं। उनकी तैनाती वर्तमान में बिलारी के नूरूद्दीनपुर गंज गांव स्थित प्राइमरी स्कूल में थी।



पत्नी गुडडो ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम करीब सात बजे उनके पति प्रवीण सिंह कुछ जरूरी काम बताकर बाइक से घर से निकले थे। लेकिन रात दस बजे तक भी वह वापस नहीं आए। गुडडो ने मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया तो उनका फोन बंद था। इसके बाद परिजन अनहोनी की आशंका में घिर गए और उनकी तलाश शुरू की। प्रवीण के चचेरे भाई ओमवीर सिंह ने बताया कि गुडडो ने रात दो बजे फोन करके प्रवीण का पता न चलने की जानकारी दी। तलाश के दौरान रविवार सुबह उनका शव रमपुरा धतरारा गांव से करीब 500 मीटर की दूरी पर जंगल में मिला। उनकी बायीं आंख के पास गोली लगी थी। सूचना मिलने पर एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह मौके पर पहुंच गए और परिवार से जानकारी की।

# भोपाल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

### डायरेक्टर को भेजे ई-मेल की जांच में जुटी टीम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकीभरा ईमेल मिलते ही सनसनी फैल गई। ये ईमेल रविवार को एयरपोर्ट डायरेक्टर को भेजा गया। इसमें बताया गया कि एयरपोर्ट परिसर में विस्फोटक उपकरण लगाए गए हैं और किसी भी वक्त विस्फोट कर एयरपोर्ट को उड़ा दिया जा सकता है।




बता दें कि बीते कुछ महीनों से लगातार भोपाल में अलग-अलग जगह बम उड़ाने की धमकी मिल रही है। ये चौथी धमकी है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने भोपाल के गांधीनगर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। गांधीनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और विमानन सुरक्षा नियमों के तहत आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया है। बम डिस्पोजल स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड ने ऐहतियातन जांच की। हालांकि एयरपोर्ट पर संचालन नहीं रोका गया। पुलिस और साइबर सेल की टीमें अब इस धमकी भरे ईमेल के स्रोत का पता लगाने में जुटी है।

बीते कुछ महीनों में भोपाल में यह चौथी ऐसी घटना है। जहां एयरपोर्ट सहित अन्य स्थानों जैसे निजी लैब और स्कूलों को भी बम की धमकियां मिल चुकी हैं। जो बाद में फर्जी साबित हुई थीं।

## जुलूस



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सुन्नी पंजेतन शहर मोहर्रम कमेटी द्वारा मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। कमेटी अध्यक्ष रईस अहमद के साथ कई अखाड़ों के खलीफा इसमें शामिल हुए। सिहानी गेट से शुरू होकर यह जुलूस हापुड़ मोड़ होते हुए जीटी रोड स्थित बोंझा वाली कर्बला पर जाकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अंजुमन अखाड़े के खलीफा फारुख पप्पू, हिना अखाड़े के खलीफा नदीम मलिक, शमां अखाड़े के खलीफा सूफी मुस्तकीम, गुलाम साबिर, चमन अखाड़े के हाजी नईम और जावेद सैफी शामिल हुए। इस दौरान फारुख, चांद बाबू, शाहनवाज, फैजान, बबलू, अमन, मुजम्मिल, मोहम्मद इलियास, मोहम्मद सुहैल, मोहम्मद जुबैर, बाबू खुर्रम, सरवर, कल्लू, डॉ. वाहिद, जुबैर, हाजी फखरुद्दीन, शाहिद कुरैशी, राहिल कुरैशी, शाहरुख अब्बासी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### मां और बेटी का अफेयर...दोनों ने प्रेमियों के साथ मिलकर करा दी हत्या

**मेरठ।** मेरठ के जानी खुर्द के किसान सुभाष की हत्या का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। प्रेम–प्रसंग का विरोध करने पर सुभाष की हत्या उसकी पत्नी कविता और छोटी बेटी सोनम ने अपने प्रेमियों के साथ मिलकर कराई थी। बेटी के प्रेमी विपिन ने दोस्त अजगर उर्फ शिवम के साथ गोली मारकर हत्या की थी। हत्याकांड का खुलासा करते हुए मां–बेटी समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि सुभाष उपाध्याय की 23 जून की रात खेत से लौटते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।


करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# आरोप - अगर प्रस्ताव हो गया है निरस्त तो फिर क्यों आ रहे हैं लोगों के मोबाइल पर टैक्स वसूली के मैसेज

## पूर्व पार्षदों ने कहा, ये है पूरे निगम सदन और मेयर का अपमान

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** 30 जून को नगर निगम की विशेष बोर्ड बैठक हुई। ये बैठक बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर थी। इस बैठक को लेकर पार्षदों ने पहले अपनी अलग-अलग बैठकें की और फिर भाजपा के पार्षदों सहित विपक्ष के पार्षदों के साथ बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर निगम के सदन में मोर्चा खोल दिया। पार्षद एक जुट होकर भाजपा के जनप्रतिनिधियों के पास गये। उन्होंने सांसद विधायक एमएलसी से ये निवेदन किया कि वो पदेन सदस्य होने के नाते हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में होने वाली इस बैठक में जरूर आयें। जनप्रतिनिधियों ने भी कहा कि वो जरूर आयेंगे और वो जनता के साथ हैं। सांसद विधायक इस बैठक में पहुंचे और बैठक में हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया। मेयर सुनीता दयाल ने हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को निरस्त करने की घोषणा की। बताया जाता है कि भले ही सदन में घोषणा हो गई, लेकिन ये आग अभी ठंडी नहीं हुई है। निगम के अधिकारी कह चुके हैं कि इस मामले में अभी 29 जुलाई को हाईकोर्ट का फैसला आना है और वो यहां इस प्रस्ताव को शासन को भेजने की बात भी कह रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि कर निर्धारण से जुड़े एक अधिकारी ने भाजपा के ही एक पार्षद से ये कहा कि कर बढ़ोत्तरी के निरस्त की कोई सूचना उनके पास नहीं है। लिहाजा वो इस सम्बन्ध में अधिक नहीं कह सकते और निगम अपनी तरफ से करदाताओं को कर जमा कराने के लिए संदेश भेजेगा। सोमवार को इस कहानी में उस समय एक नया मोड आ गया जब शहर के लोगों के पास नगर निगम के संदेश भेजे और ये संदेश टैक्स भुगतान को लेकर थे। जो संदेश भेजे गये उनमें टैक्स की धनराशि पहले के मुकाबले 300 प्रतिशत तक बढ़ी हुई थी। ये संदेश पार्षदों के मोबाईल पर फोरवर्ड होने लगे। इस मामले में कर बढ़ोत्तरी के खिलाफ सबसे पहला मोर्चा खोलने वाले भाजपा के पूर्व सीनियर पार्षद राजेन्द्र त्यागी और हिमांशु मित्तल आ गये। उन्होंने बाकायदा कविनगर के कुछ पतों के साथ ये बताया कि किस तरह से कर में वृद्धि हुई है। पूर्व पार्षदों ने मोर्चा खोला और कहा कि अगर सदन में प्रस्ताव निरस्त हुआ है तो फिर ये संदेश एक तरह से पूरे सदन का अपमान है।



| NO | PROPERTY NO | ADDRESS | TAX 23-24 | TAX 24-25 | TAX 25-26 | % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KN1348 | KL-136 | 8544.00 | 8544.00 | 25704.00 | 300.84 |
| 2 | KN5439 | KH-253 | 5901.00 | 5901.00 | 19656.00 | 333.10 |
| 3 | KN5406 | KH220-1/2 | 2796.00 | 2796.00 | 19440.00 | 695.28 |
| 4 | KN1236 | KL-23 | 3085.00 | 3085.00 | 10206.00 | 330.83 |
| 5 | KN1237 | KL-24 | 2777.00 | 2777.00 | 10206.00 | 367.52 |
| 6 | KN1328 | KL115 | 5554.00 | 5554.00 | 15876.00 | 285.85 |
| 7 | KN1332 | KL-119 | 5554.00 | 5554.00 | 24192.00 | 435.58 |
| 8 | KN5232 | KH-70 A | 19093.00 | 19093.00 | 53460.00 | 280.00 |
| 9 | KN5429 | KH-242 | 4165.00 | 4165.00 | 10530.00 | 252.82 |

### ये संदेश निगम बैठक में पहुंचे सांसद और विधायकों का अपमान और निगम सदन की अवमानना : राजेन्द्र त्यागी



करंट क्राइम। पूर्व सीनियर पार्षद राजेन्द्र त्यागी निगम की बैठक के बाद भी, प्रस्ताव निरस्त होने के बाद भी कर दाताओं के मोबाईल पर आये टैक्स के मैसेज को लेकर काफी नाराज दिखाई दिये। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा बढ़े हुए दर पर संदेश भेजे गये। ये संदेश पूरे शहर में गये हैं। उन्होंने कविनगर जोन की एक लिस्ट दिखाई और बताया कि किस तरह से कर बढ़ाया गया है। राजेन्द्र त्यागी ने कहा कि नगर निगम बोर्ड के निर्णय से ऊपर ना तो नगर आयुक्त हैं और ना ही मेयर हैं। उन्होंने कहा कि ये नगर निगम बोर्ड के आदेशों की अवमानना है और उन जनप्रतिनिधियों का अपमान है जो नगर निगम की विशेष बोर्ड बैठक में विशेष रूप से पहुंचे थे। इनमें लोकसभा सांसद और विधायक शामिल हैं। इसमें नगर निगम के सभी पार्षद शामिल हैं। राजेन्द्र त्यागी ने कहा कि जनता अपने सांसद, अपने विधायक और अपने पार्षदों को अब पकड़ेगी। उन्होंने निगम के प्रमुख अधिकारी और नगर निगम के सबसे बड़े जनप्रतिनिधि को आलोचना के घेरे में लेते हुए कहा कि जब 9 अक्टूबर 2024 को बैठक में प्रस्ताव निरस्त हो गया था तो फिर ये प्रस्ताव नहीं आना था। उन्होंने कहा कि इस बैठक के बाद फिर 30जून 2025 को बैठक ही कर बढ़ाये जाने के विरोध में हुई और कर बढ़ाये जाने के प्रस्ताव निरस्त करने की घोषणा मेयर ने की। 67 पार्षदों ने मेयर को पत्र लिखा और अब अगर नगर निगम फिर से बिल बढ़ी हुई दरों पर भेज रहा है तो यह शहर की जनता के साथ धोखा है, ये 5.50 लाख कर दाताओं को हिट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस शहर में करोड़पति और लखपति कम हैं लेकिन एक बड़ी आबादी ऐसी है जिसकी मासिक आमदनी 25 से 30 हजार है और निगम का ये फैसला उनके बजट को बुरी तरह प्रभावित करेगा।

### अगर कर वसूली के संदेश हैं तो फिर निगम के सदन की सर्वसम्मति का क्या मतलब रह गया : हिमांशु मित्तल



करंट क्राइम। इस पूरे मामले को मुखरता से उठाने और हाईकोर्ट में रिट दाखिल करने वाले पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य तथा पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने करदाताओं को बढ़ी दरों पर मैसेज भेजने का विरोध जताया। उन्होंने कहा कि जो संदेश दिये गये हैं उनमें 300प्रतिशत तक कर बढ़ाकर भेजा गया है। लोगों के मोबाईल फोन पर ये मैसेज आये हैं। हिमांशु मित्तल ने कहा जब निगम का पूरा सदन ये कह चुका है कि यह बिन स्वीकार नहीं है और निगम की बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हो गया और ये कहा गया कि बढ़े हुए बिन नहीं भेजे जायेंगे। हिमांशु मित्तल ने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों ने सदन का अपमान किया है। ऐसा लग रहा है कि नगर निगम में चुने हुए 100पार्षदों के सदन की कोई ताकत ही नहीं है। उन्होंने कहा कि सदन लोकतंत्र में सर्वोपरि है और अगर प्रस्ताव सदन द्वारा निरस्त हो गया तो फिर ये संदेश वास्तव में सदन की अवमानना है। सदन में सर्वसम्मति का मतलब ही क्या है।


---

# अब फरियादियों और पुलिस अधिकारियों का होगा वीडियो कॉन्फ्रेंस पर आमना-सामना

## आरोप-प्रत्यारोप को ऑनलाइन भी क्रॉस चेक करेंगे पुलिस कमिश्नर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जहां पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा फ्रेंडली पुलिसिंग बढ़ाने का निर्देश दिया गया। तो उसका अनुपालन भी कराया गया। अब कमिश्नरेट के थानों में आने वाले बच्चों और पीड़ितों को टॉफी दी जा रही है। तो मुकदमा दर्ज होने के बाद एफआईआर की कॉफी को पीड़ितों के घर तक पहुंचाने का काम शुरू किया गया था। वहीं बीट पुलिसिंग व्यवस्था को शुरू करते हुए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस की छवि सुधारने का नया प्रयास किया जा रहा है। तो फीडबैक सेल स्थापना कर भ्रष्टाचार मिलने पर पुलिसकर्मियों पर तत्काल एक्शन लेने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। वहीं अब जनसुनवाई को बेहतर बनाने और शिकायतों के निस्तारण और पारदर्शिता बढ़ाने के साथ ही पुलिस के अधिकारियों में संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए पुलिस कमिश्नर द्वारा नया प्रयोग किया जा रहा है। अब इसके तहत दैनिक जनसुनवाई में पुलिस के एसीपी, थाना प्रभारी सीपी के साथ वीडियो कांफ्रेंस पर मौजूद रहेंगे। तो ऐसे मामले जिनमें वाद-विवाद या अधिकारियों पर सवाल उठाया जाएगा, ऐसे मामलों में सीधे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करवाई जाएगी। इसका मकसद अधिकारियों पर लगने वाले आरोप और पीड़ित द्वारा बताई जा रही बात का आमना सामना करना भी है। सोमवार से पुलिस कमिश्नर द्वारा इसकी शुरूआत की गई है। पुलिस कमिश्नर रोजाना सुबह 10 बजे से 2 बजे तक जनसुनवाई करते हैं और इस जनसुनवाई के दौरान अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तमाम तरीके की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई और जनसुनवाई की गुणवत्ता को बढ़ाना होगा।

### शिकायतों पर तत्काल एक्शन और वर्किंग में दिखेगा सुधार



### सर्किल अधिकारियों पर अब और बढ़ेगी मॉनिटरिंग

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वीडियो का सीधे अधिकारियों से सामना करने का मकसद लोगों की जनसुनवाई बेहतर हो और उनको न्याय मिले। साथ ही गुणवत्तापूर्ण कार्य हो । वही एसीपी स्तर के अधिकारियों पर मॉनिटरिंग अब पहले से ज्यादा होगी। साथ ही उनको अपने सर्किल पर पहले से ज्यादा एक्टिव और अपडेट रहना होगा। वहीं थाना प्रभारियों को भी अब कभी भी जनसुनवाई में सीधे कनेक्ट किया जा सकता है ताकि वह अपना पक्ष और हकीकत पुलिस के अधिकारियों को बता सकें।



**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जनसुनवाई का उद्देश्य पुलिस और जनता के मध्य समन्वय को सुदृढरण करना और जन सुनवाई प्रक्रिया को प्रभावी बनाना है। जिससे प्रत्येक नागरिक की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर सुना और निस्तारित किया जा सकें।**

जे रविंदर गौड , पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से रियल टाइम मिलेगा न्याय, मजबूत होगी जनसुनवाई

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एसीपी और थाना प्रभारी को अब पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सीधे दिशा-निर्देश देंगे। साथ ही उनके पास पहुंचने वाले फरियादियों को रियल टाइम न्याय मिले, उनकी सुनवाई ठीक प्रकार से हो और वह अपनी बात को सीधे संबंधित अधिकारियों तक रख सकें, इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। सोमवार को कई एसीपी और थाना प्रभारियों से पुलिस कमिश्नर ने सीधे अलग-अलग प्रकरणों पर बातचीत की और उन्हें कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि इस व्यवस्था को शुरू करने का मकसद पुलिस कर्मियों से सीधा संवाद और आने वाले फरियादियों में पुलिस के प्रति भरोसा जगाना है।

---

# एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था और इंतजामों का लिया जायजा

## सावन के पहले सोमवार को लेकर बनाया गया सुरक्षा प्लान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 14 जुलाई को सावन मास का पहला सोमवार है। इससे पहले सोमवार को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने प्राचीन शिव मंदिर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था से लेकर पार्किंग व्यवस्था और रूट डॉयवजन से लेकर शिव भक्तों के आने-जाने के मार्ग का निरीक्षण शुरू कर दिया है। सोमवार को एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ,एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी और घंटाघर थाना प्रभारी अनुराग शर्मा ने पुलिस बल के साथ दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर, मंदिर चौकी, जीटी रोड और पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने बैरिकेडिंग कराने से लेकर सीसीटीवी की जांच और मंदिर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का मजबूत पहरा रखने का निर्देश दिया है।

### प्रत्येक सोमवार को बड़ी संख्या में तैनात की जाएगी पुलिस फोर्स



**करंट क्राइम :** एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने जानकारी दी है कि 14 जुलाई को सावन मास का पहला सोमवार है और पहले सोमवार पर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में बड़ी संख्या में भगवान भोले बाबा के भक्त बड़ी संख्या में जलाभिषेक करने पहुंचेंगे। जलाभिषेक को देखते हुए 13 जुलाई की रात 12 बजे से ही 12-12 घंटे की शिफ्ट में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। तो वहीं लगभग आधा दर्जन से अधिक निरीक्षक, 50 से ज्यादा उप निरीक्षक और बड़ी संख्या में महिला और पुरुष पुलिस कर्मियों को ड्यूटी पर लगाया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर समिति के सेवादार, सिविल डिफेंस और डिजिटल वालंटियर फोर्स के सदस्यों को ड्यूटी पर लगाया जाएगा ताकि किसी प्रकार की अवस्था ना होने पाए। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी भी निगरानी करने का काम करेंगे।

### मंदिर के मुख्य मार्ग पर बैरिकेडिंग करने के दिए गए निर्देश

**करंट क्राइम :** एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में आने वाले भक्तों के वाहनों को रोकने के लिए कई प्रमुख स्थानों पर बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। तो वहीं भीड़ को अलग-अलग करने के लिए बैरिकेडिंग लगाए जाएंगी। तो वहीं महिला और पुरुष भक्तों को अलग-अलग लाइन से मंदिर में जाना होगा। मंदिर के मुख्य मार्ग पर मेडल डिटेक्टर लगाया जाएगा। तो वहीं हैंड मेटल डिटेक्टर से भी पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल लेंगे। साथ ही सीसीटीवी के जरिए भी निगरानी होगी।




---

# आरडीसी में मल्टीलेवल कार पार्किंग का निर्णय देगा बड़ी राहत : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देर आयद, दुरुस्त आयद, देर से ही सही आरडीसी में मल्टीलेवल कार पार्किंग बनाने का गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने सही निर्णय किया है। खबरों के अनुसार कार पार्किंग बनाने की पहल 2017 में प्रारंभ हुई थी लेकिन अब 2025 में इसके लिए स्वीकृति हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा है।आशा की जानी चाहिए ये शीघ्र ही मूर्त रूप लेगा । आरडीसी में कार से आने वाले प्रत्येक आगंतुक की पार्किंग की समस्या का समाधान होगा और जाम से भी निजात मिलेगी।

जब गाजियाबाद का मास्टर प्लान बना था जब शायद नगर नियोजन विभाग ने कल्पना भी नहीं की होगी कि एक समय ऐसा भी आएगा जब हर घर में कम से कम दो कार तो होंगी ही और उनके खड़े करने की समस्या खड़ी होगी। विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किसी भी कॉलोनी में प्रत्येक 30फिट चौड़ी सड़क पर बने मकानों के सामने कारों की लंबी लंबी लाइन खड़ी हैं। चाहे जो कहो लेकिन ये सच्चाई भी है और समय की आवश्यकता भी है।जिन्होंने इस समस्या का कभी अनुभव नहीं किया है उन्हें बताना है कि जब किसी का कोई मेहमान कार से मिलने आ जाता है तो कार खड़ी करने को लेकर विवाद खड़े हो जाते हैं। इस स्थिति से न केवल अतिथि असहज होता है बल्कि आथित्य करने वाला भी असहज हो जाता है। आप इन पार्किंग शुल्क लगाकर इस समस्या का समाधान नहीं कर सकते। इसका एक ही समाधान है कि अब हर कॉलोनी में मल्टीलेवल कार पार्किंग भी बनाई जाए। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को इस विषय में पहल करनी चाहिए।

गाजियाबाद में गांधी नगर रजिस्ट्री कार्यालय के कारण और नेहरूनगर अस्पताल के कारण किसी भी व्यवसायिक क्षेत्र से ज्यादा ट्रैफिक जाम से जूझता है। रोड साइडों पर पार्किंग के ठेके होने से यातायात और बाधित हो रहा है।ये दोनों कॉलोनियां गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा ही विकसित हैं। मेरा सुझाव है कि इस समस्या के समाधान के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अपने पुराने गोदाम की भूमि पर मल्टीलेवल कार पार्किंग बना कर इन दोनों कॉलोनियों को इस समस्या से निजात दिला सकता है। इस स्थान पर प्राधिकरण ने पहले मल्टी स्टोरी भवन बनाने की योजना निकाली थी लेकिन एनजीटी ने स्वीकृति नहीं दी और हाईकोर्ट ने भी इस योजना पर स्टे लगा दिया। वर्तमान में ये स्थान केवल पार्किंग के लिए चिन्हित है ।इस स्थिति में ये स्थान मल्टी लेवल कार पार्किंग के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है।




## संपादकीय

# भारत के तीन दुश्मन

भारत के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने ह्यऑपरेशन सिंदूर के एक महत्वपूर्ण पक्ष का रहस्योद्घाटन किया है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ प्रत्यक्ष संघर्ष लड़ा था, लेकिन चीन और तुर्किए भी भारत के ह्यप्रत्यक्ष दुश्मनह्ल की भूमिका में थे। चीन ने पाकिस्तान की हरसंभव मदद की और खुफिया सूचनाएं भी साझा कीं। चीन ने सेटेलाइट और अन्य माध्यमों के जरिए खुफिया लीड्स हासिल कीं कि भारत की सैन्य तैयारियां कैसी और क्या हैं? कहां, कौनसा लड़ाकू विमान, मिसाइलों सहित, मौजूद है और कभी भी हमला कर सकता है। चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लाइव लैब की तरह खूब इस्तेमाल किया और अपने हथियारों और सैन्य उपकरणों की टेस्टिंग की। बेहद संवेदनशील पक्ष यह था कि जब दोनों देशों के डीजीएमओ में बातचीत चल रही थी, तो पाक डीजीएमओ ने हमारे समकक्ष अधिकारी को कहा था कि भारत का एक अहम वेक्टर तैयार है। भारत पहले उसे हटा कर पीछे करे। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने सवाल उठाया कि इतनी महीन और सटीक जानकारी पाक डीजीएमओ को कहां से मिली? जाहिर है कि ऐसे खुफिया इनपुट चीन ने ही पाकिस्तान को दिए थे। बेशक यह चीन की प्राचीन सैन्य रणनीति 36 स्ट्रैटेजम्स में से एक थी। इसके मायने हैं-किराए की छुरी से वार करना। अर्थात इस रणनीति के तहत चीन ने, भारत के खिलाफ, पाकिस्तान को किराए की छुरी के तौर पर इस्तेमाल किया। इस तरह ऑपरेशन सिंदूर संघर्ष के दौरान भारत को एक साथ तीन मोर्चों-पाकिस्तान, चीन, तुर्किए-पर लडा पड़ा। ये तीनों ही देश ह्यभारत के दुश्मन साबित हुए और भविष्य में भारत का विरोध करते रहेंगे, यह बिल्कुल तय है। लिहाजा हमें अपनी सैन्य तैयारियां उसी स्तर की करनी होंगी। सेना ऐसा कर भी रही है। पाकिस्तान के पास जो हथियार, विमान हैं, उनमें से करीब 81 फीसदी चीन ने उसे बेचे अथवा उधार पर मुहैया कराए हैं। तुर्किए ने पाकिस्तान को आधुनिक ड्रोन ही नहीं दिए, बल्कि उसके लड़ाकों और पायलटों ने भी पाकिस्तान की ओर से संघर्ष में शिरकत की, लेकिन न तो चीन और न ही तुर्किए संघर्ष की दशा और दिशा बदल सके। भारत के हवाई हमलों ने चीन की मिसाइलें और तुर्किए के ड्रोन, हवा में ही, चकनाचूर कर दिए। पाकिस्तान के जितने एयरबेस और उधार के लड़ाकू विमानों को हमारी सेना ने ह्यमिट्टी-मलबा किया, उसके खुलासे दुनिया के सामने हैं। पाकिस्तान सैन्य रूप से कब तक हमलावर की स्थिति में लौट पाएगा, इसमें सालों भी लग सकते हैं। उप सेना प्रमुख ने ये तमाम खुलासे उद्योगपतियों के संगठन फिक्की के मंच से किए। उन्होंने वह मंच ही क्यों चुना? क्या निवेश का आह्वान किया जाना था? उप सेना प्रमुख ने ही लगभग दो माह बाद यह रहस्योद्घाटन क्यों किया? क्या सरकार के शीर्ष स्तरों से उन्हें यह काम करने का दायित्व सौंपा गया? कई सवाल हैं। भारतीय सेना तीन मोर्चों पर एक साथ लड़ी, यह खुलासा मीडिया के जरिए देश के सामने आ चुका था। देश के दुश्मन तीन देश ही नहीं हैं, बल्कि बांग्लादेश में तुर्किए और चीन नए रणनीतिक मोर्चे बनाने की योजना पर विचार कर रहे हैं। आज का बांग्लादेश भारत-विरोधी है।

# भारत में ऑफिस स्पेस की मांग बढ़ी
## जीसीसी की हिस्सेदारी 40% तक पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** सीबाआरई की रिपोर्ट के अनुसार देश में 2025 के दौरान ऑफिस स्पेस में मजबूत मांग देखने को मिलेगी। प्रौद्योगिकी क्षेत्र जीसीसी स्पेस की मांग का प्राथमिक क्षेत्र बना हुआ है। इसके अलावा, जीसीसी का विस्तार अब टियर-2 और टियर-3 शहरों की ओर भी हो रहा है। भारत में 2025 के दौरान कार्यालय स्थलों की मजबूत मांग देखने को मिलेगी। इससे वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) की हिस्सेदारी का 35 से 40 प्रतिशत रहने की संभावना है। सीबाआरई की हालिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। जीसीसी क्या है जीसीसी एक रणनीतिक इकाई है, जिसे बहुराष्ट्रीय कंपनियां स्थापित करती हैं। यह केंद्र भारत जैसे देशों में दक्षता, कुशल प्रतिभा और तकनीकी बुनियादी ढांचे का लाभ उठाते हुए, वैश्विक स्तर पर काम करते हैं। वैश्विक क्षमता केंद्र परिचालन उत्कृष्टता और रणनीतिक विकास को आगे बढ़ाने में सहायक होते हैं।



### कंपनियों को मिल रहा विशाल प्रतिभा और लागत संबंधी लाभ

रिपोर्ट के अनुसार भारत जीसीसी के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में अपनी भूमिका को लगातार मजबूत कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय कंपनियां भारत की विशाल प्रतिभा और लागत संबंधी लाभों को देखते हुए यहां पर आत्याधुनिक और बहु-कार्यात्मक केंद्र स्थापित कर रही हैं। इस केंद्रों का विस्तार अब केवल संख्या में नहीं बल्कि कार्यक्षमता में भी हो रहा है।

### कार्यलय स्थान में 35 से 20 प्रतिशत खपत होने की उम्मीद

सीबीआरई का मानना है कि वर्ष 2025 में जीसीसी द्वारा कुल कार्यालय स्थान की लगभग 35 से 40 प्रतिशत खपत होने की संभावना है। इसमें मौजूदा परिचालन का एकीकरण और नए खिलाड़ियों के प्रवेश से सहायता मिलेगी। इसमें कहा गया कि 2025 की पहली छमाही में भारत में कार्यालय स्थल की मांग स्थिर रही। यह मांग मुख्य रूप से जीसीसी, घरेलू कॉरपोरेट्स, फ्लेक्सिबल स्पेस ऑपरेटर्स, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं (बीएफएसआई) और प्रौद्योगिकी आधारित कंपनियों से प्रेरित रही। प्रौद्योगिकी क्षेत्र सबसे आगे प्रौद्योगिकी क्षेत्र जीसीसी स्पेस की मांग का प्राथमिक क्षेत्र बना हुआ है क्योंकि कंपनियां नवाचार और उन्नत समाधानों पर ध्यान केंद्रीत करना जारी रखती हैं।

### लीजिंग में आई 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी

आंकड़ों के अनुसार भारत के कार्यालय क्षेत्र ने 2025 की पहली छमाही में अब तक की सबसे अधिक लीजिंग और सप्लाई दर्ज की है। इसमें लीजिंग 39 मिलियन वर्ग फुट तक पहुंच गई है। यह पिछले साल की तुलना में 3 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया कि जहां स्थापित कंपनियां प्रमुख भारतीय शहरों में बड़े परिसर बना रही है। वहीं नई कंपनियां फ्लेक्सिबल स्पेस को प्राथमिकता दे रही हैं। यह रणनीति कंपनियों को बदलती व्यवसायिक जरूरतों के अनुसार कार्यों को कुशलतापूर्वक बढ़ाने में मदद कर रही है।

# रसायन उद्योग को गति देने के लिए नीति आयोग का रोडमैप, 2030 तक नेट जीरो आयात का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने रसायन उद्योग को मजबूत करने के लिए सात रणनीतिक हस्तक्षेप का सुझाव दिया है। इसका लक्ष्य 2030 तक वैश्विक रसायन खपत में भारत की हिस्सेदारी 5 से 6 प्रतिशत और 2040 तक 10 से 12 प्रतिशत बढ़ाना है। भारत का रसायन उद्योग में मजबूत वृद्धि की संभावनाएं बन रही हैं। इसे समर्थन देने किए भारत सरकार की नीति आयोग ने सात प्रमुख नीतिगत हस्तक्षेपों की सिफारिश की है। इसका उद्देश्य वैश्विक रसायन मूल्य श्रृंखला में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाना है।

### नीति आयोग की रिपोर्ट

नीति आयोग की जुलाई 2025 की रिपोर्ट पावरिंग इंडियाज पार्टिसिपेशन इन ग्लोबल वैल्यू चैंस के अनुसार भारत वैश्विक रसायन खपत में लगभग 3 से 3.5 प्रतिशत का योगदान करता है। इसे 2030 तक 5 से 6 प्रतिशत और 2040 तक 10 से 12 प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य है।

### आयात पर निर्भरता है कि बड़ी चुनौती

रिपोर्ट में कहा गया कि वैश्विक रसायन बाजार में भारत की उपस्थिति




लगातार बढ़ रही है। इस क्षेत्र में विकास के मजबूत आधार मौजूद हैं। हालांकि एक बड़ी चुनौती को भी रेखांकित किया गया है। देश अब भी रसायनों का शुद्ध आयातक है और इसका व्यापार घाटा लगभग 31 अरब डॉलर है। आयात पर यह भारी निर्भरता घरेलू उत्पादन क्षमताओं की कमी को दशार्ता है। नीति आयोग का मानना है कि भारत इन चुनौतियों को दूर करके 2030 तक नेट जीरो इंपोर्टर बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

# तुर्किये की विमानन कंपनी सेलेबी को झटका, सुरक्षा मंजूरी रद्द करने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को तुर्किये की फर्म सेलेबी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें विमानन नियामक बीसीएएस की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में उसकी सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। जस्टिस सचिन दत्ता ने 23 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इसके आद आज कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। नागरिक विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने 15 मई को सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। इससे कुछ दिन यानी पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन किया था। तुर्किये ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर भारत के हमलों की निंदा की थी। पक्ष और विरोध में दलीलें सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सेलेबी दिल्ली कार्गो टर्मिनल मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो टर्मिनल कार्यों की देखरेख करते हैं।



# ट्रंप की ब्रिक्स देशों को अतिरिक्त 10% टैरिफ की धमकी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों का समर्थन करने वाले देशों को को कड़े लहजे में चेतावनी दी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में ट्रंप ने एलान किया कि ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियोंश् के साथ जुड़ने वाले किसी भी देश को वस्तुओं पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। 9 जुलाई को समाप्त हो रही है अमेरिकी टैरिफ पर रोक की समयसीमा अमेरिका की ओर से दुनियाभर के देशों के खिलाफ लगाए गए जवाबी टैरिफ की समयसीमा 9 जुलाई को समाप्त हो रही है। दूसरी ओर, बाजील में 17वां ब्रिक्स समिट जारी है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टैरिफ पर अपने पत्ते खोले हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के टैरिफ पत्र और सौदों का एलान सोमवार, 7 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे (पूर्वी) से किया जाएगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, ट्रम्प ने कहा कि ये पत्र दुनिया भर के विभिन्न देशों को भेजे जाएंगे। इससे पहले, 9 अप्रैल को ट्रम्प ने टैरिफ के कार्यान्वयन को 3 महीने के लिए रोक दिया था। यह अवधि 9 जुलाई को समाप्त हो रहा है। ब्रिक्स के ताजा रुख पर ट्रंप का क्या जवाब ट्रंप ने अपने बयान में ब्रिक्स देशों को निशाने पर लेते हुए लिखा, इस नीति में कोई अपवाद नहीं होगा। ट्रंप का यह बयान ब्रिक्स देशों के बढ़ते विरोध के खिलाफ अमेरिकी प्रशासन के सख्त रुख का संकेत देता है।



## रोचक तथ्यों का करंट

- एक ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं।
- सींग वाली छिपकलियां खुद को बचाने के लिए अपनी आँखों से बाहर खून फेंक सकतीं हैं।
- हाथी केवल प्रत्येक दिन 2 से 3 घंटे सोते हैं।
- डॉलफिन एक समय में अपने मस्तिष्क के केवल आधे हिस्से के साथ सोते हुए 15 दिनों या उससे अधिक समय तक सक्रिय रह सकते हैं।
- अरे दोस्तों, अगली बार जब आप एक पेड़ की छाया का आनंद ले रहे हों, तो आप गिलहरी का शुक्रिया अदा करना बिलकुल ना भूलें। लाखों पेड़ों को गलती से गिलहरी द्वारा ही लगाया जाता है, जो नट्स को जमीन में दफन करते हैं और फिर भूल जाते हैं कि उन्हें कहाँ छिपा दिया गया था।
- कुछ साँप दो साल तक भोजन के बिना जीवित रह सकते हैं।
- साँप हर साल 10,000 लोगों को मारते हैं।
- एक चींटी विद्रोह से सावधान रहें! दुनिया में हर इंसान के लिए दस लाख चींटियां हैं। ये लचीले प्राणी कभी भी सोते नहीं हैं और इनके फेफड़े भी नहीं होते हैं।

# उतार-चढ़ाव के बाद मामूली बढ़त के साथ शेयर बाजार बंद
## सेंसेक्स नौ अंक चढ़ा, निफ्टी 25400 के पार




**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन भारतीय बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 9.61 अंक उछलकर 83,442.50 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 0.30 अंक बढ़कर 25,461.30 अंक पर आ गया।

उतार-चढ़ाव के बाद सोमवार को भारतीय बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 9.61 अंक या 0.01 प्रतिशत बढ़कर 83,442.50 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 0.30 अंक या 0 प्रतिशत बढ़कर 25,461.30 अंक पर पहुंच गया। सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 48 पैसे गिरकर 85.88 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

## 08 07 2025 करंट क्राइम
## सेलेब्रिटी जन्मदिन
## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
# आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीचर : बताओ बच्चो, आलसी किसे कहते हैं?
गोलू : जो होमवर्क न करे!
टीचर : शाबाश गोलू, तुम पास हो गए!
गोलू : थैंक्स मैम, अब तो होमवर्क नहीं ही करूंगा!

---

बीवी : सुनिए, अगर मैं खो जाऊं तो आप क्या करेंगे?
पति : अखबार में इश्तिहार दूंगा!
बीवी (खुश होकर) : क्या लिखवाओगे?
पति : जो मिला, वही रख लो, पुराना वापस नहीं चाहिए!

---

पप्पू : मम्मी, नया मोबाइल दिलाओ!
मम्मी : तेरे पास तो है पहले से!
पप्पू : पर उसमें बैलेंस नहीं है
मम्मी : अच्छा, तो अब बैलेंस के लिए मोबाइल चाहिए

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# यंगिस्तान ने बर्मिंघम में खत्म की इंग्लैंड की बादशाहत



नई दिल्ली। भारत ने बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेले गए दूसरे टेस्ट में मेजबान इंग्लैंड को 336 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही युवा टीम इंडिया ने कई रिकॉर्ड बनाए और इतिहास रचा। इस सीरीज की शुरूआत में ज्यादातर क्रिकेट पंडितों ने शुभमन गिल की टीम को कमतर आंका था और कहा था कि नया और एक कम अनुभवी कप्तान के रहने से टीम इंडिया को नुकसान होगा, लेकिन गिल एंड कंपनी ने सभी के मुंह पर ताला लगा दिया। भारत के 608 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की दूसरी पारी 271 रन पर सिमट गई। इसी के साथ 2021 में ऑस्ट्रेलिया के गाबा का घमंड तोड़ने वाली टीम इंडिया ने अब बर्मिंघम-एजबेस्टन का घमंड तोड़ दिया है। इस जीत के साथ ही शुभमन युग का शुभारंभ भी हो चुका है। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लंदन के लॉर्ड्स में शुरू होगा। टीम इंडिया ने बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर सबसे पहला मैच 1967 में खेला था। चाहे विराट कोहली हों या धोनी या फिर द्रविड़ या फिर सौरव गांगुली, इस टेस्ट से पहले यहां किसी भारतीय कप्तान ने जीत हासिल नहीं की थी। हालांकि, गिल ने अपना नाम इतिहास की किताबों में दर्ज करा लिया है। उनके नेतृत्व में टीम इंडिया ने 58 वर्षों का सूखा खत्म कर दिया है और गिल बर्मिंघम के एजबेस्टन में जीत हासिल करने वाले पहले भारतीय कप्तान बन गए हैं। बर्मिंघम इंग्लैंड के उन तीन स्थलों में शामिल था जहां भारतीय टीम ने कभी जीत हासिल नहीं की थी। इस मैच से पहले बर्मिंघम में भारतीय टीम ने आठ मैच खेले थे जिसमें सात में उसे हार का सामना करना पड़ा था, जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा था। लेकिन गिल की अगुआई में भारतीय खिलाड़ियों ने पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए एजबेस्टन में इतिहास रच दिया।

इतना ही नहीं, गिल बर्मिंघम में जीत हासिल करने वाले पहले एशियाई कप्तान भी बन गए। वहीं, भारत बर्मिंघम में टेस्ट जीतने वाली पहली एशियाई टीम है। कुल मिलाकर एशियाई टीमों ने यहां 19 टेस्ट खेले हैं। भारत ने नौ, पाकिस्तान ने आठ और श्रीलंका ने दो टेस्ट खेले हैं। भारतीय टीम ने एजबेस्टन में अपने नौवें टेस्ट में जाकर जीत हासिल की, जबकि पाकिस्तान और श्रीलंका ने अभी तक एजबेस्टन में जीत का स्वाद नहीं चखा है। पाकिस्तान 1962 में इस मैदान पर टेस्ट खेलने वाली पहली एशियाई टीम थी।

### भारत की विदेश में सबसे बड़ी टेस्ट जीत

भारत की यह विदेश में रनों के लिहाज से टेस्ट में सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ नॉर्थ साउंड में 318 रनों से मैच जीता था। वहीं, रनों के लिहाज से टेस्ट में ओवरऑल उसकी चौथी बड़ी जीत है। गिल को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया है। 336 रन की जीत किसी भी टीम की रनों के लिहाज से बर्मिंघम में टेस्ट में सबसे बड़ी जीत है। भारत ने इंग्लिश धरती पर अपनी सबसे बड़ी टेस्ट जीत (रनों के अंतर से) भी दर्ज की। इस मामले में टीम इंडिया ने 1986 में कपिल देव की कप्तानी में मिली 279 रनों की जीत को पीछे छोड़ दिया। भारत ने टेस्ट क्रिकेट में पहली बार 600 रन का स्कोर बचाकर टेस्ट मैच जीता है। यह दूसरी बार भी था जब भारतीय टीम 600 से अधिक के लक्ष्य का बचाव कर रही थी।

भारत ने पहली पारी में 587, जबकि दूसरी पारी में 427/6 रन बनाए। यह बर्मिंघम के एजबेस्टन में पहली बार है जब किसी टीम ने 1000+ रन बनाए हों। वहीं, ओवरऑल सभी मैदानों को मिलाकर यह पांचवीं बार हुआ जब किसी टीम ने एक टेस्ट में 1000+ रन बनाए। भारत ने ऐसा कहीं भी पहली बार किया है। इससे पहले इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान की टीम ऐसा कर चुकी है।

## शुभमन युग में भारत की शुभ जीत के पांच नायक



### शुभमन गिल

शुभमन गिल टेस्ट मैच जीतने वाले 25वें भारतीय कप्तान बन गए हैं। कुल मिलाकर, भारत के लिए 37 कप्तानों ने टेस्ट में टीम का नेतृत्व किया है। शुभमन गिल ने एक टेस्ट मैच में एक भारतीय बल्लेबाज (430) द्वारा सर्वाधिक रन बनाने का भी रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 1971 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ सुनील गावस्कर के 344 (124 और 220) रन को पीछे छोड़ा।



### आकाश दीप

आकाश दीप ने अंग्रेजी धरती पर टेस्ट मैचों में एक भारतीय गेंदबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के आंकड़े (41.1-4-187-10) दर्ज किए। उन्होंने इसी स्थान पर 1986 में चेतन शर्मा के 53.3-6-188-10 के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। चेतन शर्मा के बाद आकाश दीप इंग्लैंड में टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने। आकाश दीप इंग्लैंड में एक टेस्ट पारी में छह या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले छठे भारतीय गेंदबाज भी बने। इनमें ईशांत शर्मा, नकुम अमर सिंह, चेतन शर्मा, मोहम्मद सिराज और भुवनेश्वर कुमार शामिल हैं।



### ऋषभ पंत

पंत इस टेस्ट में भले ही शतक न बना पाए हों, लेकिन दूसरी पारी में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। पहली पारी में 25 रन बनाकर आउट होने के बाद दूसरी पारी में पंत ने 58 गेंद पर आठ चौके और तीन छक्के की मदद से 65 रन की तेजतर्रार पारी खेली। इससे भारत को मोमेंटम हासिल करने में मदद मिली। पंत की बल्लेबाजी से सामने खड़े कप्तान गिल का भी आत्मविश्वास बढ़ा और इस हमले का इंग्लैंड के पास कोई जवाब नहीं था। पंत ने इस टेस्ट में 90 रन बनाए। साथ ही दो कैच भी लिए। विकेट के पीछे से उनकी टिप्स गेंदबाजों के काम आई।



### रवींद्र जडेजा

जडेजा ने एजबेस्टन में अपने शानदार बल्लेबाजी रिकॉर्ड को बरकरार रखा है। 2022 में इसी मैदान पर शतक लगाने वाले जडेजा ने इस बार पहली पारी में 89 रन और दूसरी पारी में नाबाद 69 रन बनाए। पहली पारी में उन्होंने 137 गेंद पर 10 चौके और एक छक्के की मदद से 89 रन बनाए थे, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 118 गेंद पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 69 रन बनाए। कुल मिलाकर उन्होंने इस टेस्ट में 158 रन बनाए और एक विकेट भी लिया।



### मोहम्मद सिराज

बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज पर भारतीय तेज गेंदबाजी का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी थी और उन्होंने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। पहली पारी में इंग्लैंड को 407 रन पर समेटने में उनकी भूमिका अहम रही। इसमें उन्हें दूसरे छोर से आकाश दीप का भी साथ मिला। सिराज ने पहली पारी में 19.3 ओवर में 70 रन देकर छह विकेट झटके। हालांकि, दूसरी पारी में वह एक ही विकेट ले सके, लेकिन इस मैच में सिराज का दबदबा देखने को मिला। उनकी गेंद इंग्लैंड के बैटर खेल नहीं पा रहे थे। सीम और स्विंग दोनों से सिराज ने इंग्लिश बल्लेबाजों को परेशान किया। कुल मिलाकर उन्होंने इस टेस्ट में सात विकेट हासिल किए।

# डीपीएल नीलामी में 1 लाख में बिके 14 साल के परीक्षित भाटी बना चुके हैं 14 हजार से अधिक रन







साहिबाबाद (करंट क्राइम)। पार्षद राजकुमार भाटी के भतीजे का डीपीएल 2025 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में बिकने वाले खिलाड़ियों में 14 साल के परीक्षित सिंह भाटी भी रहे, लगी, जिन्हें न्यू डेल्ही टाइगर्स ने एक लाख में खरीदा। इस दौरान परीक्षित सिंह भाटी अभी तक 304 मैचों की 293 पारियों में 14136 रन बना चुके हैं, इस दौरान उनका औसत 57.93 का है और उनका सर्वोच्च स्कोर 362 रन नाबाद है.। साथ ही 48 विकेट हासिल किये हैं, परीक्षित सिंह भाटी अकादमी और क्लब स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी प्रोफाइल बताती है कि उन्होंने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों से अपनी पहचान बनाई है और विभिन्न टूर्नामेंट में एमवीपी रह चुके हैं। वह इस लीग में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों से में से एक हैं। परीक्षित सिंह कई युवा क्रिकेट टूर्नामेंट में एमवीपी है, वह व-12 में एकलव्य स्पोर्ट्स की टीम के लिए, बैटिंग और फील्डिंग में बेहतर रोल निभाते रहे हैं।

इसके अलावा वह एकदंत क्रिकेट अकादमी, देवराज स्पोर्ट्स क्लब (नोएडा), आर्य दीप अकादमी, एपेक्स फ्लोरल सहित कई क्लब और अकादमियों से जुड़े रहे हैं। जहां वो अंडर-12 से लेकर अंडर-14 आयु वर्ग में खेले हैं. परीक्षित अपने प्रदर्शन के दम पर कई मैचों में एमवीपी रहे हैं।

परीक्षित ने डीडीसीए ओपन लीग 2025-2026 सीजन में 9 मैचों में 62.71 की औसत से 439 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से तीन शतक आए. वह टूर्नामेंट के दौरान 12 विकेट लेने में भी सफल रहे. इसी साल डीडीसीए टी20 लीग में एक मैच में उन्होंने 87 रन बनाए थे और एक विकेट चटका था।

पार्षद राजकुमार भाटी ने बताया परीक्षित की इस सफलता के पीछे उनके कठोर परिश्रम, समर्पण और क्रिकेट के प्रति उनकी लगन का महत्वपूर्ण योगदान है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वे अपनी इस प्रतिभा और मेहनत के बल पर आने वाले समय में और भी बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करेंगे। में उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं, ओर आशा करते हैं कि वे अपने खेल से न केवल अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करेंगे बल्कि क्रिकेट जगत में भी अपनी एक विशेष पहचान बनाएंगे।

# उच्च न्यायालय का आदेश नहीं मानने पर अपर जिला कोर्ट ने लगाया 20 हजार का जुर्माना




गाजियाबाद, करंट क्राइम। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या दो गाज़ियाबाद ने दहेज उत्पीड़न व तीन तलाक अधिनियम में सोमवार को ट्रोनिका सिटी थाने के मुकदमा संख्या 181/2025 दर्ज मुकदमे में अभियुक्त पति शादाब पुत्र मौ इरशाद की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। जमानत प्रार्थना पत्र के आदेश में न्यायाधीश निशांत मान ने लिखा है कि अभियुक्त शादाब ने इस अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने से पूर्व माननीय हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की थी जिसमें उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने अभियुक्त को अंकन 35 हजार रुपये जमा कर पत्रावली को मिडियेशन सेंटर भेजने का आदेश दिया था लेकिन अभियुक्त ने माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का पालन ना कर इस तथ्य को छिपाते हुए वर्तमान अग्रिम जमानत याचिका प्रस्तुत की है। इस तथ्य की जानकारी जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के दौरान मुकदमा वादी के अधिवक्ता व सरकारी वकील बिशमबर चौधरी ने न्यायालय को दी। न्यायालय ने उभय पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी तथा अभियुक्त पर अंकन बीस हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

# मुल्डर ने टेस्ट का दूसरा सबसे तेज तिहरा शतक जड़ा, 626/5 के स्कोर पर द.अफ्रीका ने पारी घोषित की



दक्षिण अफ्रीका। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज वियान मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन टेस्ट इतिहास का दूसरा सबसे तेज तिहरा शतक जड़ा। मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की। मुल्डर इस मैच में कप्तानी कर रहे हैं और वह दक्षिण अफ्रीका के पहले कप्तान हैं जिन्होंने तिहरा शतक लगाया है। मुल्डर ने 297 गेंदों पर तिहरा शतक पूरा किया।

मुल्डर 334 गेंदों पर 49 चौकों और चार छक्कों की मदद से 367 रन बनाकर नाबाद रहे जिससे दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 626 रन बनाकर घोषित की। दक्षिण अफ्रीका के लिए मुल्डर के अलावा डेविड बेडिंघम ने 82, लुहान ड्री प्रिटोरियस ने 78, डेवाल्ड ब्रेविस ने 30, टॉनी डि जॉर्जी ने 10 और लेसेगो सेनोवाने ने तीन रन बनाए, जबकि काइल वेरेने 42 रन बनाकर नाबाद लौटे।

### अमला की बराबरी पर पहुंचे

मुल्डर से तेज तिहरा शतक सिर्फ भारत के पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने लगाया है। सहवाग ने 2008 में चेन्नई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 278 गेंदों पर तिहरा शतक लगाया था। मुल्डर दक्षिण अफ्रीका के दूसरे बल्लेबाज हैं जिन्होंने टेस्ट में तिहरा शतक लगाया है। उनसे पहले हाशिम अमला ने 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 311 रन बनाकर ऐसा किया था। दूसरे दिन मुल्डर ने 264 रन से आगे खेलना शुरू किया और ज्यादा देर किए बिना अपना तिहरा शतक पूरा किया।

### तिहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा टेस्ट कप्तान बने मुल्डर

मुल्डर ने अपनी इस पारी से कई रिकॉर्ड बनाए। वह पहले बल्लेबाज हैं जिन्होंने कप्तानी में अपने डेब्यू पर तिहरा शतक लगाया है। उन्होंने कप्तान के तौर पर डेब्यू मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में न्यूजीलैंड के ग्राहम डोवलिंग को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1969 में भारत के खिलाफ 239 रन बनाए थे। वहीं, मुल्डर दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान के तौर पर सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में ग्रीम स्मिथ को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2003 में इंग्लैंड के खिलाफ 277 रन बनाए थे। 27 साल 138 दिन की उम्र में तिहरा शतक लगाने वाले मुल्डर सबसे युवा टेस्ट कप्तान बन गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान बॉब सिम्प्सन का 61 वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 1964 में इंग्लैंड के खिलाफ 28 साल की उम्र में 311 रन बनाए थे।

# कांग्रेस ने मोदीनगर में किया संविधान बचाओ सम्मेलन और ब्लॉक अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह

## केंद्र सरकार बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को कुचलने का काम कर रही है : शिवराम वाल्मीकि





गाजियाबाद, करंट क्राइम। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से विधानसभा मोदीनगर के ग्राम विद्यापुर में संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत सविधान बचाओ सम्मेलन एवं नव नियुक्त ब्लाक अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश शर्मा (डासना) एवं जिला कोडिनेटर शिवराम वाल्मिकी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन जिला उपाध्यक्ष व विधानसभा प्रभारी आशीष शर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौ. नरेन्द्र सिंह और कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव नंद किशोर शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि व जिला पाधिकारियों द्वारा ब्लाक भोजपुर के नव नियुक्त अध्यक्ष भीष्म सिंह को शपथ दिलाकर नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने नव नियुक्त अध्यक्ष भीष्म सिंह को बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निदेशानुसार कांग्रेस पाटी का संगठन सृजन अभियान और सविधान बचाओ सम्मेलन पूरे उप्र में चलाया जा रहा है। आज कांग्रेस पार्टी के कार्यकाल को जनता याद कर रही है। कांग्रेस ने देश के गरीब, किसान, नौजवान, पिछडों, दलित, वंचित और शोषितों के लिए जो कल्याणकारी योजना चलाई आज केन्द्र व प्रदेश में बैठी डबल इंजन की सरकार अपने इंजन से सब योजनाओं को कुचलने का काम कर रही है। आज किसान,नौजवान हर वर्ग हर जाति इसके तानशाही से परेशान है। आज पूरा प्रदेश ही नही पूरे देश की जनता कांग्रेस से एक उम्मीद लगाये बैठी है और हमारा कर्तव्य है कि जनता की समस्या का समाधान के लिए सड़क से संसद तक इस तानाशाह सरकार से लड़ाई जारी रखें। इस मौके पर जिला प्रभारी शिवराम वाल्मिकी ने कहा कि आज केन्द्र में बैठी भाजपा सरकार बाबा साहेब भीमराव अम्बेडर द्वारा लिखे गये संविधान को कुचलने का काम कर रही है। चाहे किसानों के काले कानून हो या नौजवानों के लिए अग्निवीर जैसे योजना हो, बेरोगारी, महंगाई आदि मुददों पर भाजपा सरकार फैल साबित हो रही है। इनकी कथनी का करनी में बहुत अन्तर है। भाजपा सरकार देश को खोखला करने कर काम कर रही है।

इस मौके पर गौतमबुद्ध नगर के कोडिनेटर जोगेश नेहरा, एड. अशोक शर्मा, जिला महासचिव सविता गौतम, नंदकिशोर शर्मा, तरूण शर्मा सहित जिला पादिधकियों ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जोगेश नेहरा प्रभारी गौतम बुद्धनगर, जिला उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, जिला महासचिव सविता गौतम, जिला महासचिव अशोक शर्मा, जिला महासचिव नंदकिशोर शर्मा, जिला महासचिव तरुण शर्मा, राहुल शर्मा, ब्लॉक भोजपुर प्रभारी दिनेश कुमार, फरीदनगर से नईम खान, नसीम खान, सुरेश दोसा, शिवम शर्मा, मोईन अली, इमरान खान, आरिफ रिजवी, आत्म प्रकाश जी, निर्मल पॉल, मुकुल शर्मा, जितेंद्र चौधरी सैकड़ो की संख्या में ग्राम वासी वह कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट जीता: वेस्टइंडीज को 133 रनों से हराया, सीरीज पर 2-0 की बढ़त हासिल की





ग्रेनेडा। ऑस्ट्रेलिया ने ग्रेनेडा में खेले गए दूसरे टेस्ट मुकाबले में वेस्टइंडीज को 133 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त के साथ सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया है। यह मुकाबला चार दिन में ही समाप्त हो गया। सीरीज का आखिरी मैच 12 जुलाई से जमैका के सबीना पार्क में डे-नाइट होगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दूसरे टेस्ट में मेजबान वेस्टइंडीज के सामने 277 रन का टारगेट रखा था। वेस्टइंडीज की टीम अपनी दूसरी पारी में 143 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। 13 ओवर से पहले ही वेस्टइंडीज ने गवां दिए 4 विकेट 277 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के टॉप ऑर्डर का खराब प्रदर्शन जारी रहा। लंच से पहले वेस्टइंडीज की पारी के खेले गए 12.4 ओवर में कैरेबियाई टीम ने 33 रन पर चार विकेट गवां दिए थे।

30 रन से ज्यादा की केवल एक पार्टनरशिप वेस्टइंडीज की लगातार विकेट गिरते रहे। पहला विकेट 8 गेंदों के बाद ही शून्य के स्कोर पर गिर गया। जॉन कैंपबेल एलबीडब्लू आउट हो कर पवेलियन लौट गए। वहीं, 15 के स्कोर में केसी कर्टी भी आउट हो गए। टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर सके। 30 से ज्यादा रन की केवल एक साझेदारी हुई।

रोस्टन चेज और शाई होप ने 5वें विकेट के लिए 47 गेंदों पर 38 रन की पार्टनरशिप की। रोस्टन चेज ही टीम के टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 41 गेंदों पर 34 रन बनाए। होप ने 25 गेंदों का सामना कर 17 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क और नाथन लायन ने 3-3 विकेट लिए। जबकि जोश हेजलवुड को 2 विकेट और पैट कमिंस-ब्यू वेब्स्टर को 1-1 विकेट मिला। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 33 रन की बढ़त दूसरे टेस्ट में टॉस ऑस्ट्रेलिया ने जीता था और पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। कंगारू टीम ने अपनी पहली पारी में 286 रन बनाए थे, जिसमें एलेक्स कैरी के 81 गेंदों पर जमाए 63 रन और ब्यू वेब्स्टर के 115 गेंदों पर जड़े 60 रन का अहम योगदान रहा था। वेस्टइंडीज की ओर से पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले अल्जारी जोसेफ सबसे सफल गेंदबाज रहे थे।

# बसपा मेरठ मंडल प्रभारी ने की मोदीनगर में सेक्टर कमेटियों की समीक्षा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। बसपा की ओर से सेक्टरों की समीक्षा बैठक जारी है। सोमवार को बसपा के मेरठ, अलीगढ़ और कानपुर मंडल के मुख्य प्रभारी सूरज सिंह ने मोदीनगर क्षेत्र की सेक्टर कमेटियों की समीक्षा की। सूरज सिंह ने मोदीनगर क्षेत्र के सेक्टर संजय पुरी की कमेटी की समीक्षा की। इस मौके पर बूथ 238, 239, 240 और 241 का गठन किया गया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मेरठ मंडल के प्रभारी मेघानंद जाटव और मनोज जाटव उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोहित ने की। संचालन लेखराज बौद्ध ने किया। इस मौके पर मुनव्वर चौधरी, वरुण दशानन, धीरज पंडित, दयाराम सेन, परमानंद गर्ग, पंकज शर्मा आदि भी कार्यकताओं को संबोधित किया। बैठक का आयोजन विधानसभा अध्यक्ष आलोक भारती ने किया। विधानसभा प्रभारी दीवान सिंह ने सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि सूरज सिंह ने सेक्टर कमेटी और बूथ अध्यक्षों को उनके कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2027 में सर्व समाज के साथ बहन मायावती के नेतृत्व में प्रदेश में सरकार गठन करना है। जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोहित ने मायावती के शासनकाल में कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर नीतू चौधरी, इंसाफ अली, बबली गुर्जर, केपी सिंह, तेजपाल सिंह, मोहन प्रधान और हरपाल प्रधान आदि उपस्थित थे।

# नगर आयुक्त हुए सख्त तो बढ़ी नालों की सफाई की रफ्तार

## शहर को जलभराव से मिलेगी निजात, स्वास्थ्य, निर्माण, जलकल द्वारा नालों की सफाई का चलाया जा रहा है महाअभियान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त हुए सख्त तो गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अधिकारियों ने नालों की सफाई को रफ्तार दी है शहर में महा अभियान के रूप में निर्माण स्वास्थ्य तथा जलकल विभाग संयुक्त रूप से नालों की सफाई पर कार्य कर रहा है जिसमें नगर आयुक्त द्वारा गठित की गई कमेटी द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है, मोहन नगर तथा इंदिरापुरम क्षेत्र में विशेष रूप से कार्यवाही कराई गई तथा नालों की सफाई की रफ्तार बढ़ाई जा रही है।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि नालों की सफाई बृहद अभियान के रूप में जारी है, बनाई गई कमेटी के सभी वरिष्ठ अधिकारी लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं 10 दिन के भीतर अधिकांश नालों की सफाई कर दी जाएगी, इंदिरापुरम सहित पांचो जोन में नालों की सफाई अभियान चल रहा है, नालों से निकलने वाली सिल्ट को समय रहते उठाने की निर्देश टीम को दिए गए हैं, महापौर द्वारा शहर वासियों से व्यापारियों से नालों के ऊपर हुए अतिक्रमण को खुद हटाते हुए सफाई में सहयोग करने की अपील की गई है।

### इंदिरापुरम क्षेत्र में नालों पर हुए भारी अतिक्रमण को हटाकर कराई गई सफाई- नगर स्वास्थ्य अधिकारी



करंट क्राइम। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मैन्युअल तथा पोकलेन पासिंग मशीन जेसीबी के माध्यम से नालों की सफाई कराई जा रही है जिसमें इंदिरापुरम क्षेत्र में आने वाले बड़े 12 नालों पर अवैध अतिक्रमण हटाते हुए नालों की सफाई का कार्य कराया गया। काला पत्थर के आसपास नालों तथा पुलियाओं की सफाई कराई गई, मोहन नगर क्षेत्र में शेष बचे नालों की सफाई 70% हो चुकी है, आरआरटीएस द्वारा नाले पर पक्का निर्माण किया हुआ था जिस कारण सफाई में परेशानी बढ़ रही थी जिसको निगम की टीम द्वारा हटाकर सफाई कराई गई लगभग 8 टन सिल्ट निकाली गई, इसी क्रम में शहर में ऐसे नाले जो की पक्के निर्माण से ढके हुए हैं तथा अवैध अतिक्रमण बना हुआ है उनको पंचर करते हुए नालों की सफाई कराई जा रही है शहर में जल भराव से निजात मिल सके जलकल विभाग निर्माण विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रूप से कार्य कर रहा है जोनल प्रभारी की भूमिका भी बनी हुई है।








### दो लोकसभा बनी तो निगम से आयेगा किस लोकसभा का दावेदार

चुनावी इयर अगले साल से गियर डाल लेगा। तैयारी शुरू हो चुकी है और तैयारी दो तरह से हो रही है। एक तैयारी देवतुल्यों की है जिन्हें सिर्फ काम देखना है और आयाम देखना है। दूसरी तैयार नेताओं की है जिन्हें क्षेत्र देखना है और टिकट का जुगाड़ देखना है। पुरानी कहावत है कि ख्वाहिशें तो बादशाहों की पूरी नहीं हुईं और जरूरतें वो भिखारियों की भी पूरी करता है। एक ख्वाहिश पूरी हो गई तो दूसरी ख्वाहिश मन में अंगड़ाई लेने लगी है। फूल वाले बता रहे हैं कि निगम वालों की तमन्ना अब लोकसभा में जाने की है। दरअसल जब से विधानसभा वाले लोकसभा में गये हैं तब से निगम वालों को लग रहा है कि एक विधानसभा का प्रतिनिधि लोकसभा में जा सकता है तो ढाई विधानसभा के तो हम भी हैं। पता चला है कि लोकसभा दो हो सकती हैं और अब ये देखना है कि निगम वाला दावेदार कौन सी लोकसभा में जायेगा। कहने वाले ने कहा कि अभी तो बहुत जल्दी होगी लेकिन आप देख लेना दावेदारी में उनका नाम जरूर आयेगा।

### क्यों पूछ लिया भगवा योद्धा ने सहकारिता वालों से कमाई का राज

सहकारिता वालों ने नए भगवा योद्धा को शिष्टाचार दावत पर बुला लिया। अब सहकारिता वालों की तमन्ना थी कि उन्हें भी खुश किया जाये और भगवा योद्धा की नजरें अंदर रखे यूरिया कट्टों से लेकर प्लेट में रखी लोकनाथ की बर्फी पर टिकी थी। सुना है कि उन्होंने पूछ लिया कि कमाई का राज क्या है। फिर बात यहीं नहीं थमी और उन्होंने सरकारी वाले सहकारिता कर्मचारी को भी बातों ही बातों में टटोला। सहकारिता वालों ने जब कहा कि कोई कमाई नहीं है तो भगवा योद्धा ने नाश्ते में आई प्लेंटों की तरफ इशारा किया और पूछा अगर कमाई नहीं है तो ये इतनी सारी चीजें कौन से खाते से मंगाई हैं। अब भगवा योद्धा को क्या समझायें कि ये सहकारिता वाले जलपुरूष हैं और इनका दिल बड़ा है। आप इनके दफ्तर पर आओ या आशियाने पर, ये हमेशा खातिरदारी इसी अंदाज में करते हैं।

### एक एमएलसी हैं ऐसे, 75 जिलों में हैं उनके प्रतिनिधि और मीडिया प्रभारी

भगवागढ़ वाले सांसद हों, विधायक हों या एमएलसी हों। वो गिनती के लोग अपने ठप्पे के साथ रखते हैं। सांसद हैं तो एक प्रतिनिधि हैं, कैबिनेट वालों की कहानी हरिश चन्द पर सिमट जाती है। शहर वाले तो चौपड़ा जी को मीडिया प्रभारी बनाते हैं लेकिन अपना प्रतिनिधि वो अपने अलावा किसी को नहीं बताते हैं। कहानी मुरादनगर में भी सेम-टू-सेम है। एमएलसी भी कुछ ऐसे ही हैं लेकिन एक एमएलसी ऐसे हैं जिनके प्रतिनिधि पूरे उत्तर प्रदेश में हर जिले में है। गाजियाबाद में भी कांग्रेस से आये एक नेता जी के पास इनके प्रतिनिधि होने का कार्ड है। जब कहानी को टटोला तो पता चला कि सीन तो बहुत ही उदार है। चौधरी साहब की महिमा ही अपरम्पार है। उनका एक जिले में प्रतिनिधि हो तो बताया भी जाये। वो तो पूरे यूपी के एमएलसी हैं और यूपी के हर जिले में केवल उनका प्रतिनिधि ही मौजूद नही हैं बल्कि उनका हर जिले में मीडिया प्रभारी भी है। चौधरी साहब की महिमा अपरम्पार है और एमएलसी ऐसे कि दिल पूरे यूपी में उदार है।

# राज नगर एक्सटेंशन में जगन्नाथ रथ यात्रा का भव्य आयोजन

## मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री सुनील शर्मा ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई







**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम :** भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का भव्य आयोजन इस्कॉन टेंपल द्वारा राजनगर एक्सटेंशन, गाज़ियाबाद में किया गया। गाज़ियाबाद विकास मंच के संयोजक अभिषेक शर्मा व उनकी पूरी टीम एवं वरिष्ठ समाजसेवी निखिल त्यागी व उनकी टीम ने प्रसाद वितरण, यात्रा प्रचार-प्रसार और जन-जागरण जैसे विभिन्न कार्यों में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान दामोदर लीला प्रभु (वरिष्ठ भक्त, इस्कॉन) ने इस्कॉन के कुमाऊं एवं उत्तराखंड के जोनल सुपरवाइजर आदि करता प्रभु का स्मृति चिन्ह, पुष्प माला और फूलों से भव्य स्वागत किया। इस भव्य महोत्सव में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सुनील शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। हीरा स्वीट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर पारस शर्मा की विशिष्ट उपस्थिति रही। साथ ही, बिसौली (बरेली, उत्तर प्रदेश) से आए भक्तों ने भी अपनी भक्ति, कीर्तन और नृत्य से पूरे वातावरण को आध्यात्मिकता से सराबोर कर दिया। यह रथ यात्रा प्रेम, भक्ति और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण बनी, जिसमें हर आयु वर्ग, हर पृष्ठभूमि के लोगों ने सच्चे मन से सहभागिता निभाई।

# राज पब्लिक स्कूल गजप्रस्थ में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

## मुख्य अतिथि के रूप में पंडित अशोक भारतीय उपस्थित रहे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेट्रो हास्पिटल नोएडा व राष्ट्रीय व्यापार मंडल के सौजन्य से रविवार को राज पब्लिक स्कूल घूकना मेरठ रोड गजप्रस्थ में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। बालकिशन गुप्ता ने कैंप का शुभारंभ जे एस रंधावा, सिमरन रंधावा के साथ किया। कैंप में मुख्य अतिथि पंडित अशोक भारतीय ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर आशीर्वाद दिया। मेट्रो हास्पिटल की तरफ से विशेषज्ञ डाक्टरों ने सेवाभाव से जनसामान्य का मन जीत लिया। लगभग 800 लोगों स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। संदीप त्यागी रसम ने मैट्रो हास्पिटल का धन्यवाद अदा करते हुए उपस्थित डाक्टर व नर्सिंग स्टाफ को माला पहनाकर स्वागत किया। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने कैम्प के आयोजन के लिए बधाई देते हुए स्वास्थ्य आरोग्य की आवश्यकता पर बल दिया। संदीप त्यागी रसम ने कैंप का सफल संचालन किया। पंडित अशोक भारतीय ने घूकना मे राज पब्लिक स्कूल को जनता के लिए एक वरदान बताया। निखिल कुणाल, पानव राघव, अंशु कृष्णा निहाल ने कैंप में सेवा कार्य किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जे एस रंधावा, सिमरन रंधावा, बालकिशन गुप्ता पंडित, अशोक भारतीय, एडवोकेट संदीप त्यागी रसम, मनमोहन गर्ग, रितेश शर्मा, सौरभ यादव, वीरेंद्र कंडेरे, मनोज कुमार, विनीता पाल, भूषण सैनी आदि उपस्थित रहे।

### शिष्टाचार भेंट



गाजियाबाद, करंट क्राइम। सिक्किम राज्य के राज्यपाल महामहिम ओम प्रकाश माथुर से मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, जिला प्रतिनिधि विनीत शर्मा, मंडल महामंत्री अभिजीत मुखर्जी और मुकेश शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की।

# अमरनाथ यात्रा तन-मन को स्वच्छ बना देती है : अरविंद तेवतिया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के प्रमुख समाजसेवी अरविंद तेवतिया भी 17वीं बार अपने साथियों के साथ में अमरनाथ बाबा के दर्शन करने के लिए गए। उन्होंने बताया कि वह पिछले 17 वर्षों से प्रभु भोलेनाथ की असीम कृपा दृष्टि से अमरनाथ यात्रा कर रहे हैं और साल दर साल भोलेनाथ के भक्तों में उत्साह और इजाफा बढ़ता जा रहा है। तेवतिया ने बताया कि जब वह अब से 17 साल पहले प्रथम बार अमरनाथ यात्रा पर गए थे तो सरकार और साइन बोर्ड की ओर से इतनी सुविधा वहां नहीं थीं किंतु अब साइन बोर्ड और सरकार की निगरानी में यात्रा को सुलभ आनंदित एवं सुरक्षित बनाने का प्रयास जोरों शोरों पर है।

# स्पोर्ट्स फॉर स्कूल योजना की जिला समन्वयक सदस्य बनीं नमिता भल्ला






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मंडल स्पोर्ट्स फॉर स्कूल योजना के तहत प्रखर फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नमिता भल्ला को गाजियाबाद जिला समन्वयक सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर डीपीएस टेक मैनेजमेंट सिस्टम के सीईओ देवेंद्र सिंह ने नमिता भल्ला को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर रणजी खिलाड़ी कृष्ण गुप्ता प्रशिक्षक हेमंत तिवारी प्रखर फाउंडेशन की उपाध्यक्ष मती छाया गुप्ता, सुरेंद्र मगन (पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट) संदीप वर्मा, बबीता जैन राजीव पटेल की उपस्थित रही। इस अवसर पर बोलते हुए सीईओ देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया की स्पोर्ट्स फॉर स्कूल उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत बेसिक शिक्षा माध्यमिक शिक्षा व्यवहारिक शिक्षा विभागों द्वारा संचालित विद्यालयों से अंडर 14 अंडर 17 अंडर 19 टीमों का गठन किया जाना है। इसमें छात्र व छात्राएं दोनों प्रतिभाग कर सकते हैं। गठित टीमों को विकासखंड स्तर से प्रमोट करके प्रदेश राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक लेकर जाना है खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रमाण पत्र प्रोत्साहन राशि तथा सरकारी नौकरी दी जाएगी। इसी क्रम में नमिता भल्ला ने देवेंद्र प्रताप सिंह सीईओ का आभार प्रकट किया और बताया जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है उसका वे पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ पालन करेंगी। इस अवसर पर सभी अतिथि गणों का फूल मालाओं से सम्मान किया गया।




# पुलिस गिन रही है नॉनवेज शॉप

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों जिस तरफ भसी देखा एतिहासिक कांवड़ यात्रा की बहुत प्रमुखता से तैयारी चलती हुई नजर आ रही है। पुलिस कमिश्नरेट के प्रमुख अधिकारियों से लेकर चौकी व बीट वाले लगे हुए हैं। तो वहीं पुलिस इस बार तमाम ऐसे काम भी कर रही है जो निचले कर्मचारियों को बेकार लग रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों तीनों ही जोन में नॉनवेज की शॉप और अंडे वाली ठेलियों की काउंटिंग हो रही है। सुनने में आ रहा है कोई बीट वाले कांस्टेबल से काम ले रहा है। तो कोई उपनिरीक्षकों को लगा रहा है। कहीं थाने वाली माइक मोबाइल की मदद ली जा रही है। तो कहीं स्थानीय व्यापार मंडल वालों से जानकारी जुटाई जा रही है। दरअसल कांवड़ यात्रा को लेकर नॉनवेज की दुकानों को हर हाल में बंद कराने का लोकल, शासन और प्रशासनिक स्तर से फरमान आया हुआ है। तो वही पुलिस इस काम को प्रमुखता से निभाने में जुटी हुई है। सुनने में आया है कि इस शुक्रवार से कांवड़ मार्ग और प्रमुख मंदिरों के आसपास लगने वाली कोई भी नॉनवेज शॉप नहीं खोली जाएगी, पर सूत्र बता रहे हैं कि ऑफलाइन तो मामला थम जाएगा लेकिन ऑनलाइन वाले सिस्टम पर ब्रेक कैसे लगेगा, यह बड़ा सवाल है। सूत्र बता रहे हैं कि पिछले दफा भी ऑफलाइन बंद थे, तो ऑनलाइन वालों ने जमकर समान और माल डिलीवरी की थी। हालांकि ऑनलाइन को लेकर कोई हंगामा, विरोध या प्रदर्शन नहीं हुआ था, पर सवाल उठता है कि यह सब चल कैसे रहा था। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के थाना प्रभारी और चौकी वाले प्रभारी अपनी नॉनवेज शॉप की काउंटिंग का पूरा डाटा जुटाने में लगे हुए हैं। वैसे भी कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले अभी एक बार और पुलिस कमिश्नरेट के शीर्ष और प्रमुख अधिकारियों की बैठक होनी है, जिसके बाद कांवड़ का पूरा कंट्रोल रूम शुरू हो जाएगा। उधर पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली है कि मंगलवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में आए रिक्रूट आरक्षियों को पुलिस कमिश्नरेट वाले साहब ट्रेनिंग और क्लास दे सकते हैं। बताया जा रहा है कि सिटी जोन वाले इलाके में होने वाले इस कार्यक्रम में लगभग 800 से अधिक रिक्रूट शामिल होंगे। जिन्हें बड़े साहब तमाम जानकारी, ज्ञान और क्लास देंगे कि पुलिस की वर्किंग कैसे होती है।




# पार्षद धीरज अग्रवाल ने करोड़ों की लागत से बनने वाले नाले का किया उद्घाटन

## वार्ड 81 के विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध : पार्षद धीरज अग्रवाल



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड 81 के पार्षद धीरज अग्रवाल ने वार्ड क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत बन रहे नालों के कार्य चल रहे हैं। पार्षद धीरज अग्रवाल ने बताया कि मानसरोवर भवन से लेकर शक्ति खंड एक तक वहीं मंगल चौक से यशोदा हॉस्पिटल तक स्वर्ण जयंती पार्क के चारों ओर नाले का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इन नाले के बनने से वार्ड में जल भराव की समस्या निजात मिलेगी। इस अवसर पर स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा कि मैं वार्ड 81 के विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हूँ। मेरा यह प्रयास रहा है कि वार्ड की जनता की मूलभूत समस्याओं का निदान हो। इसके लिए मैं यहाँ की जनता की समस्याओं को सदन के माध्यम से नगरायुक्त व महापौर के संज्ञान में लाकर इसके समाधान का अनवरत प्रयास करता हूँ। उन्होंने कहा कि शक्ति खंड 3 के निवासियों का खुशियों का रास्ता खुला। बरसों से बारिश में डूबती गलियों का दर्द हम सभी ने देखा और महसूस किया है। बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी, बुजुर्गों को निकलने में दिक्कत हर बार पानी का कहर आपको झेलना पड़ा। आज उसी पीड़ा को खत्म करने का संकल्प लिया गया है। शक्ति खंड 3 मैन रोड पर बड़े नाले का आरसीसी निर्माण शुरू हो गया है। जिससे आने वाली बरसात में जलभराव का डर नहीं रहेगा, बल्कि राहत और भरोसा रहेगा। इस अवसर पर मंडल सोशल मीडिया संयोजक धीरज शर्मा, दिनेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर निवेश के नाम पर की 50 लाख की साइबर ठगी




**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में पिलखुआ में एक व्यक्ति के साथ इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर 50 लाख रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। छीपीवाड़ा निवासी संजीव कुमार सैनी से मार्च 2025 में अंजलि शर्मा नाम की महिला ने इंस्टाग्राम पर संपर्क किया। दोस्ती के बाद व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू हुई। अंजलि ने खुद को जलोरा पोर्टल नाम की वित्तीय निवेश कंपनी का कर्मचारी बताया। उसने फर्जी डैशबोर्ड और रिटर्न स्टेटमेंट दिखाकर संजीव का विश्वास जीता। पुलिस ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया अंजलि ने अलग-अलग बैंक खातों और यूपीआई आईडी से पैसे मंगवाए। संजीव ने 28 अप्रैल से 22 मई 2025 के बीच 46 लाख रुपए निवेश किए। इसके अलावा 6 लाख रुपए अतिरिक्त जमा भी कराए गए। जब संजीव ने पैसे वापस मांगे तो अंजलि ने कर और प्लेटफॉर्म शुल्क के बहाने और पैसे मांगे। बाद में अंतरराष्ट्रीय बैंक खाते का हवाला देकर अतिरिक्त भुगतान की मांग की गई। टेलीग्राम के जरिए भी संपर्क कर पैसे मांगे गए। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक हापुड़ को शिकायत पत्र सौंपा है। इसमें अंजलि शर्मा और जलोरा पोर्टल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम


Himanshulove Sharma is with Sachin Soni and 20 others.
15m

आदरणीय श्री बलदेव राज शर्मा जी पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे हैं ओर घर पर ही आराम कर रहे हैं आज उनके निवास पर पहुंचकर उनका हालचाल जाना 88वर्ष की आयु में भी पार्टी कार्य कर्मों में पहुंचने वाले जब घर पर बैठ जाएं तो चिंता का विषय हो जाता है आज मिलने के बाद लगा बहुत जल्द फिर से वो कार्य कर्ताओं के बीच होगे प्रभु उनको जल्द स्वस्थ करे यही कामना करता हूं

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद की भाजपा राजनीति के भीष्म पितामह कहे जाने वाले पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव राज शर्मा इन दोनों अस्वस्थ चल रहे हैं। पूर्व पार्षद हिमांशु लव उनका कुशलक्षेम जानने के लिए उनके आवास पर पहुंचे। मुलाकात के इस पल को हिमांशु लव ने फेसबुक पर साझा किया। राजनीतिक शिष्टाचार और अपने वरिष्ठों के प्रति सम्मान और आदर भाव को प्रदर्शित करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# रूस ने यूक्रेन पर दागे 100 से ज्यादा ड्रोन

## हवाई सेवा बाधित होने पर यातायात मंत्री को पद से हटाया

**कीव ।** तीन साल से ज्यादा समय से जारी युद्ध के दौरान रूस ने हाल ही में यूक्रेन के नागरिक इलाकों पर हवाई हमले तेज किए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को बताया कि बीते एक हफ्ते में रूस ने यूक्रेन पर करीब 1270 ड्रोन, 39 मिसाइलें और करीब एक हजार शक्तिशाली ग्लाइड बम दागे हैं।

रूसी सेना भी करीब एक हजार किलोमीटर की अग्रिम पंक्ति (फ्रंट लाइन) में कुछ स्थानों पर घुसपैठ की पूरी कोशिश कर रही है, जहां यूक्रेनी सेनाएं तैनात हैं। इस हमले और यूक्रेन पर लगातार दबाव के चलते शांति वार्ता में कोई ठोस प्रगति न होने के कारण यूक्रेन, अमेरिका और यूरोप से और ज्यादा सैन्य मदद की मांग कर रहा है।

जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन ने यूरोपीय देशों और एक प्रमुख अमेरिकी रक्षा कंपनी के साथ ड्रोन उत्पादन बढ़ाने के लिए समझौते किए हैं, जिससे इस साल लाखों ड्रोन मिलने की उम्मीद है। जेलेंस्की ने सोमवार को टेलीग्राम पर लिखा, हवाई रक्षा ही जीवन की रक्षा का सबसे अहम साधन है। उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन अब ऐसे इंटरसेप्टर ड्रोन बना रहा है, जो रूस के लंबी दूरी वाले शाहेद ड्रोन को रोक सकते हैं।



ड्रोन की बड़ी संख्या में तैनाती ने यूक्रेन को अग्रिम मोर्चे पर सैनिकों की कमी से निपटने में मदद की है। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि दक्षिणी शहर ओडेसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई, उत्तर-पूर्वी शहर खारकीव में 27 लोग घायल हुए और राजधानी कीव के दो इलाकों में ड्रोन के मलबे से नुकसान हुआ। रूस के कम दूरी के ड्रोन हमले में उत्तर में स्थित सूमी इलाके में दो लोगों की मौत हुई और दो अन्य को घायल हुए। यह वही इलाका है, जहां रूस ने बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया हुआ है। डोनेत्स्क क्षेत्र के गवर्नर वादिम फिलाशकिन ने बताया कि उस इलाके में सात लोगों की मौत हुई और नौ घायल हुए। हालांकि, उन्होंने नहीं बताया कि हमला किस हथियार से किया गया था। इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उनके सैनिकों ने बीती रात 13 रूसी क्षेत्रों, काला सागर और रूस के कब्जे वाले क्रीमिया में 91 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। सोमवार को क्रेमलिन ने एक आदेश जारी कर बताया कि यातायात मंत्री रोमन स्तारोवोयत को उनके पद से हटा दिया गया है।

**अधिकारियों के मुताबिक, बीते चौबीस घटों में रूसी हमलों में दस यूक्रेनी नागरिकों की मौत हो गई और 38 घायल हुए हैं, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं**

# ब्रिक्स का नया सदस्य बना इंडोनेशिया, बेलारूस मलयेशिया समेत दस देश बने सहयोगी

**रियो डी जेनेरियो ।** इंडोनेशिया, ब्रिक्स संगठन का नया सदस्य देश बना है। वहीं दस देशों बेलारूस, बोलीविया, कजाकिस्तान, नाइजीरिया, मलयेशिया, थाईलैंड, क्यूबा, वियतनाम, यूगांडा और उज्बेकिस्तान को सहयोगी देशों के तौर पर ब्रिक्स में शामिल किया गया है। ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित हो रहे 17वें ब्रिक्स सम्मेलन के साझा बयान में कहा गया कि 'हम इंडोनेशिया गणराज्य का ब्रिक्स सदस्य के रूप में स्वागत करते हैं। साथ ही बेलारूस गणराज्य, बोलीविया, कजाकिस्तान, क्यूबा गणराज्य, नाइजीरिया, मलयेशिया, थाईलैंड, वियतनाम, युगांडा और उज्बेकिस्तान को ब्रिक्स भागीदार देशों के रूप में स्वागत करते हैं।'



पीएम मोदी बोले- पुराने टाइपराइटर से नया सॉफ्टवेयर नहीं चला सकते साझा बयान में जलवायु वित्त पर ब्रिक्स नेताओं के रूपरेखा घोषणापत्र और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के वैश्विक शासन पर ब्रिक्स नेताओं के वक्तव्यों को शामिल किया गया है। साथ ही सामाजिक रूप से निर्धारित बीमारियों के उन्मूलन के लिए ब्रिक्स देशों की भागीदारी। रविवार को ब्रिक्स सत्र 'शांति और सुरक्षा और वैश्विक शासन में सुधार' के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिक्स का विस्तार और नए भागीदारों को शामिल करना समय के साथ विकसित होने की इसकी क्षमता को प्रदर्शित करता है और उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) और बहुपक्षीय विकास जैसे संस्थानों में सुधार का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'ब्रिक्स का विस्तार और नए साझेदारों का इसमें शामिल होना समय के साथ विकसित होने की इसकी क्षमता को दशार्ता है। अब, हमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, विश्व व्यापार संगठन और बहुपक्षीय विकास बैंकों जैसी संस्थाओं में सुधार के लिए उसी दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करना चाहिए। एआई के युग में, जहां तकनीक हर हफ्ते विकसित हो रही है, वहां वैश्विक संस्थाओं का 80 साल तक बिना सुधार के रहना अस्वीकार्य है। आप 20वीं सदी के टाइपराइटर पर 21वीं सदी का सॉफ्टवेयर नहीं चला सकते।'

# सऊदी अरब में मौत की सजा का नया रिकॉर्ड

**दुबई ।** सऊदी अरब में मौत की सजा को लेकर पूरी दुनिया में चिंता बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल का कहना है कि पिछले साल सऊदी अरब में रिकॉर्ड संख्या में लोगों को फांसी दी गई। इनमें ज्यादातर मामलों में नशे से जुड़े अपराध शामिल थे, जो जानलेवा नहीं थे। सऊदी सरकार की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक जवाब नहीं आया है, लेकिन मानवाधिकार समूह इसे मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन बता रहे हैं।

एक अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में सऊदी अरब में कुल 345 लोगों को मौत की सजा दी गई, जो पिछले 30 साल में सबसे ज्यादा है। वहीं, इस साल के पहले छह महीने में ही 180 लोगों को फांसी दी जा चुकी है। अगर यही रफ्तार रही तो 2024 में भी नया रिकॉर्ड बन सकता है।



नशे से जुड़े मामलों में सबसे ज्यादा मौत की सजा एक और मानवाधिकार संगठन 'रीप्राइव' के अनुसार, इस साल सऊदी अरब में करीब दो-तिहाई फांसियां नशे से जुड़े मामलों में दी गई हैं। ये ऐसे अपराध थे, जिनमें किसी की जान नहीं गई थी। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने भी यही चिंता जताई है कि गैर-हिंसक अपराधों में इतनी सख्त सजा देना गलत है।

एमनेस्टी की रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब में नशे के मामलों में मौत की सजा पाने वालों में बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक हैं। इनमें से कई लोगों को न तो अपनी कानूनी प्रक्रिया की जानकारी थी और न ही उन्हें वकील मिला। अकेले इस साल सऊदी में जितने लोगों को फांसी दी गई, उनमें से आधे से ज्यादा विदेशी नागरिक थे।

**नशे के मामलों में बढ़ी फांसी**

ऐसा ही एक मामला मिस्र के रहने वाले एस्साम अहमद का है। 2021 में वह एक मछली पकड़ने वाली नाव पर काम कर रहा था। परिवार के मुताबिक, नाव के मालिक ने उसे बंदूक दिखाकर जबरन नशे से जुड़ा सामान ले जाने को मजबूर किया। बाद में उसे सऊदी में पकड़ लिया गया और मौत की सजा सुनाई गई। उसका परिवार अब हर दिन डर के साए में जी रहा है।

'विजन 2030' की आड़ में सख्ती सऊदी अरब में 'विजन 2030' के तहत बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। महिलाओं को गाड़ी चलाने की आजादी, विदेशी निवेश बढ़ाने जैसी कोशिशें हो रही हैं। लेकिन दूसरी ओर मानवाधिकार कार्यकताओं, कारोबारी वर्ग और अन्य लोगों पर सख्ती बढ़ गई है। 2021 में सरकार ने नशे के मामलों में मौत की सजा पर रोक लगाने का ऐलान किया था, लेकिन तीन साल के अंदर ही यह रोक बिना किसी वजह हटा दी गई।

# खालिस्तानी आतंकी हैप्पी पासिया जल्द अमेरिका से लाया जाएगा भारत, कई हमलों का है आरोपी

**केलिफोर्निया ।** वांछित खालिस्तानी आतंकी हैप्पी पासिया को जल्द ही अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। सूत्रों ने पुष्टि की है कि फिलहाल अमेरिका की हिरासत में मौजूद हैप्पी पासिया को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जल्द ही भारत लाया जा सकता है। एनआईए ने पांच लाख रुपये का इनाम भी हैप्पी पासिया पर रखा है

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय एजेंसियों ने पासिया के प्रत्यर्पण के बारे में भारत में संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया है। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हैप्पी पासिया को 17 अप्रैल को कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में अमेरिकी आव्रजन एवं कस्टम प्रवर्तन एजेंसी ने गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी भारतीय एजेंसियों के साथ लंबे समय से चल रहे समन्वय के चलते संभव हुई थी। हैप्पी पासिया पर पंजाब में कई आतंकी हमलों में शामिल होने का आरोप है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के इनपुट पर एफबीआई और अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने उसे पकड़ा था। वह दो अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी समूहों से जुड़ा हुआ था और अवैध रूप से अमेरिका में घुसने के लिए बर्नर फोन का इस्तेमाल कर रहा था। पिछले छह महीने में पंजाब में हुए ग्रेनेड हमलों में हैप्पी पासिया का हाथ होने का आरोप है। इसे देखते हुए उसकी गिरफ्तारी को एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। कई हमलों का आरोपी है पासिया साल 2023 से 2025 के बीच हैप्पी पासिया ने पंजाब और अन्य राज्यों में टारगेट किलिंग, पुलिस ठिकानों पर ग्रेनेड हमले और फिरौती जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देने में अहम भूमिका निभाई। हैप्पी पासिया का नाम सबसे पहले 10 सितंबर, 2024 को चंडीगढ़ के सेक्टर-10 स्थित एक कोठी में हुए ग्रेनेड हमले में सामने आया था।




# दक्षिण अमेरिकी देश सूरीनाम में पहली महिला राष्ट्रपति



**पारामारिबो सूरीनाम ।** दक्षिण अमेरिकी देश सूरीनाम में पहली बार महिला राष्ट्रपति बनी हैं। संसद ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) को डॉक्टर जेनिफर गेलिंग्स-सिमंस को संकटग्रस्त देश की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में चुना। नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी का नेतृत्व करने वाली जेनिफर 16 जुलाई को राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगी।

पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में जिम्मेदारी और भी बढ़ी: जेनिफर राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने के बाद जेनिफर ने कहा, 'मुझे पता है कि राष्ट्रपति का पद बहुत बड़ा है, और इस तथ्य से जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है कि मैं इस पद पर देश की सेवा करने वाली पहली महिला हूं।' बता दें कि सूरीनाम 646,000 से अधिक लोगों वाला डच-भाषी देश है।

भ्रष्टाचार के मामलों से भरा रहा संतोखी का कार्यकाल राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी का पांच साल का कार्यकाल भ्रष्टाचार के मामलों से भरा रहा है। उन्हें सूरीनाम की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (क्टत्रः) से मदद मांगने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# ब्रिक्स सम्मेलन से इतर कई अहम द्विपक्षीय बैठकें

## पीएम और जयशंकर ने इन नेताओं से की मुलाकात

**रियो डी जेनेरियो ।** टाटा मेमोरियल अस्पताल ने बिम्सटेक देशों के लिए एक खास कैंसर देखभाल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाना और कैंसर उपचार में दक्षता को मजबूत करना है। शुरूआत में बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार और नेपाल के कुल 21 प्रतिभागियों को रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, न्यूक्लियर मेडिसिन और रेडियोलॉजी के तीन मॉड्यूल में चार सप्ताह का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव सीएसआर राम ने कहा कि इससे बिम्सटेक देशों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी और भविष्य में अनुसंधान नेटवर्क भी बनेगा। टीएमसी निदेशक डॉ. सुदीप गुप्ता ने बताया कि मुंबई स्थित केंद्रों में अत्याधुनिक तकनीकों पर यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है, आगे इसे देशभर के अन्य टीएमसी इकाइयों में भी विस्तार दिया जाएगा। यह कार्यक्रम बिम्सटेक देशों में स्वास्थ्य सहयोग को नई दिशा देगा।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद अब ब्रासीलिया जाएंगे, जहां उन्हें राजकीय अतिथि का सम्मान दिया जाएगा। ब्राजील में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया ने कहा कि यह 57 साल में पहली बार किसी भारतीय प्रधानमंत्री का ब्राजील का पहला राजकीय दौरा है। भाटिया ने कहा कि हमें उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच चार समझौतों पर हस्ताक्षर हो सकते हैं, जिनमें अक्षय ऊर्जा, आतंकवाद से निपटना, कृषि में अनुसंधान सहयोग साथ ही गोपनीय जानकारी का आदान-प्रदान के समझौते शामिल हैं। ब्रिक्स समिट को लेकर भारत के आर्थिक संबंधों के सचिव दम्मू रवि ने ब्रिक्स सम्मेलन को लेकर कहा कि 'तेजी से बदलती दुनिया में ब्रिक्स सम्मेलन की काफी अहमियत है। भारत, ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य देश है और अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत करेगा। प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स सम्मेलन में दोहराया कि 20वीं सदी के वैश्विक संगठनों में 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने की क्षमता का अभाव है।

# पाकिस्तान में बाढ़ और बारिश ने मचाई तबाही

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। बीते 10 दिनों से लगातार हो रही मानसूनी बारिश और बाढ़ ने कई लोगों की जान ले ली है। अब तक 72 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 130 से ज्यादा लोग घायल हैं। सबसे ज्यादा नुकसान खैबर पख्तूनख्वा, पंजाब, सिंध और बलूचिस्तान इलाकों में हुआ है। देश की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने अलर्ट जारी कर दिया है।

पाकिस्तान के कई हिस्सों में 26 जून से लगातार भारी बारिश हो रही है। बारिश की वजह से नदियां उफान पर हैं और कई जगह बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। खैबर पख्तूनख्वा, पंजाब, सिंध और बलूचिस्तान में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। इन इलाकों में कई घर ढह गए हैं, सड़कें टूट गई हैं और खेतों में पानी भर गया है।

**त नदी में बह गए 17 लोग, वीडियो वायरल**

पिछले महीने पाकिस्तान में बड़ा हादसा हुआ, जब उत्तर पश्चिम के स्वात इलाके में एक ही परिवार के 17 लोग नदी में बह गए। इनमें से 4 को बचा लिया गया, लेकिन बाकी 13 लोगों के शव बाद में बरामद हुए। सोशल मीडिया पर इस हादसे का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें परिवार के लोग छत पर फंसे मदद की गुहार लगाते दिख रहे थे। इस पर प्रशासन की लापरवाही को लेकर लोगों में गुस्सा देखने को मिला। 2022 जैसी तबाही की आशंका



**10 दिन में 72 की मौत**

पाकिस्तान में 2022 में भी भारी बारिश और बाढ़ ने तबाही मचाई थी। उस दौरान देश का एक तिहाई हिस्सा पानी में डूब गया था और करीब 1,737 लोगों की जान चली गई थी। अब एक बार फिर से मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि ऐसी ही स्थिति दोबारा बन सकती है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षित इलाकों में जाने की अपील की है। आपात सेवाएं पूरी तरह अलर्ट पर आपातकालीन सेवाओं को हाई अलर्ट पर रखा गया है। राहत-बचाव का काम लगातार जारी है। बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में सेना, पुलिस और राहत एजेंसियां तैनात की गई हैं। कई जगहों पर अस्थायी राहत शिविर बनाए गए हैं, जहां लोगों को खाना और जरूरी मदद दी जा रही है। प्रशासन का कहना है कि हालात काबू में करने की हरसंभव कोशिश की जा रही है।

# चीन ने की ट्रंप की धमकी की निंदा

## कहा- टैरिफ से किसी को लाभ नहीं होता

**बिजिंग ।** ब्रिक्स देशों पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने की ट्रंप की धमकी की चीन ने निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि टैरिफ से किसी को लाभ नहीं होता है। यह बस दूसरे देशों पर दबाव बनाने की कोशिश है।

ब्राजील में चल रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल देशों ने ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमलों और टैरिफ को लेकर अमेरिका की निंदा की थी। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका विरोधी नीति का समर्थन करने वाले देशों को 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसे लेकर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि टैरिफ के इस्तेमाल से किसी को भी लाभ नहीं होता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा था कि ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों से जुड़ने वाले किसी भी देश पर 10% अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। इस नीति में कोई अपवाद नहीं होगा। इस मामले पर आपका ध्यान देने के लिए धन्यवाद!



नौ जुलाई को खत्म हो रही ट्रंप के टैरिफ निलंबन की समयसीमा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ को निलंबित किए जाने की समयसीमा नौ जुलाई को समाप्त हो रही है। इसे लेकर दुनियाभर के देशों की चिंता बढ़ हुई है। पिछले दिनों ट्रंप ने कहा था कि नौ जुलाई के बाद वैश्विक टैरिफ से राहत नहीं मिलेगी। इसके बाद वह अधिकांश देशों पर टैरिफ पर 90 दिवसीय रोक को बढ़ाने की योजना नहीं बना रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने 10-12 देशों को नए टैरिफ लगाने की सूचना देने के लिए पत्र साइन कर दिए हैं, जिन्हें सोमवार को भेजा जाएगा।

# विधायक संजीव शर्मा ने कांवड़ यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का अभियान शुरू किया

## जिलाधिकारी को 11 जुलाई को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए लिखा पत्र






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विधायक संजीव शर्मा ने कांवड़ यात्रा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का अभियान शुरू कर दिया है। इसके लिए वे दूधेश्वर मंदिर व गाजियाबाद में आने वाले कांवड़ियों को अधिक से अधिक सुविधाएं भी उपलब्ध करा रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने जिलाधिकारी को कांवड़ियों के लिए सभी व्यवस्थाएं यात्रा शुरू होने से पहले ही पूर्ण कराने को कहा है। विधायक संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर कहा कि 11 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू हो रही है और श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में हर वर्ष लाखों कांवड़िएं भगवान दूधेश्वर के दर्शन व जलाभिषेक के लिए आते हैं। श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर उनके विधानसभा क्षेत्र में ही आता है।

### दुकानों पर दुकानदारों का नाम लिखा जाए : संजीव शर्मा

करंट क्राइम। विधायक संजीव शर्मा ने कहा इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कांवड़ मार्ग पर मांस की बिक्री ना हो। साथ ही दुकानों पर दुकानदारों के लिए दुकानों पर अपना नाम लिखना व फूड लाइसेंस चस्पां करना अनिवार्य होना चाहिए। इस कार्य को 11 जुलाई से पहले ही करा लेना चाहिए ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना हो। कांवड़िएं नगे पैर ही 500 किमी दूर गंगोत्री तक से गंगाजल लाते हैं, अत: उनकी धार्मिक भावना पर चोट नहीं लगनी चाहिए।

### खाने-पीने की चीजों का किया जाए औचक निरीक्षण : संजीव शर्मा

करंट क्राइम। कांवड़ यात्रा मार्ग में आ रही दुकानों का औचक निरीक्षण कर इस बात का पता लगाया जाए कि कहीं खाने-पीने की चीजों में थूक, मूत्र आदि तो नहीं मिलाया जा रहा है क्योंकि इस प्रकार की कई घटनाएं गाजियाबाद में हो चुकी हैं। कांवड़ यात्रा मार्ग में कोई असामाजिक तत्व ना आ पाए, इसकी भी तैयारी की जाए। मुख्यमंत्री ने भी कांवड़ यात्रा के दौरान मांस की बिक्री ना होने व सड़कों को गड्ढामुक्त करने के आदेश दिए हैं जिसका पूरी तरह से पालन होना चाहिए। कांवड़ियों की सुरक्षा हेतु अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए और सिविल डिफेंस की भी इसमें मदद ली जाए। नगर आयुक्त द्वारा श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर समेत सभी मंदिरों पर लाईट व साफ-सफाई व कूडा हटाने की विशेष व्यवस्था की जाए।

# लोनी में अवैध कालोनियों पर जीडीए का गरजा बुलडोजर

## जीडीए ने 70-80 भूखण्डों की बाउंड्रीवाल का किया ध्वस्तीकरण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण पर रोकथाम हेतु कार्रवाई किये जाने के निर्देशों के क्रम में सोमवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-8 के नेतृत्व में उ0प्र0 नगर नियोजक एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-14 व 15 के प्राविधानों के अन्तर्गत ग्राम सबलूगढ़ी लोनी में पूर्व निर्मित 3 एवं 2 नवसृजित कालोनी, ग्राम निठौरा में 2 पूर्व निर्मित कालोनी व चिरोड़ी रोड़ (धन सिंह गुर्जर डिग्री कॉलेज के सामने) लोनी गाजियाबाद में पूर्व निर्मित 2 कालोनियों में लगभग 70-80 भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी गयी। प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-8 द्वारा लोगों को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नहीं जायेगा। उपरोक्त अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनियों के विरूद्ध अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता व अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन-08 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई किये जाने का अभियान जारी रहेगा।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें दिखाई देता है विधायक अजीत पाल त्यागी में कांफीडेंस का मैटर? हम देखते हैं जहां तमाम छोटे - बड़े कार्य को हाईलाईट करते हैं? वहीं हमारे त्यागी जी कभी ओपन नहीं करते हैं? सोशल मीडिया पर आकर अपने लैटर? सहज में कर देते हैं जनता की समस्याओं का समाधान? चिड़ी उड़ वाला गेम शायद उनसे नहीं खेला जाता है श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसमें कोई शक नहीं कि भगवा योद्धा इस वक्त कर रहे हैं शानदार काम? मगर ये पता नहीं चल रहा है कि वो अपनी टीम में शामिल होने के लिए देंगे किसको ईनाम? हम नहीं उनके आस-पास रहने वाले चेहरे ही करते हैं इस बात पर चर्चा? उन्हें ही आज तक विश्वास नहीं है कि क्या भगवा योद्धा भरेंगे उनके नाम का पर्चा? ये चेहरे बाकी चेहरों से करते हैं अपने हालात कन्फर्म? क्योंकि भगवा योद्धा नहीं रखते हैं किसी के सामने अपना मन?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मुराद पूरी करने वाले एरिया के बॉबी भैया इस बार लगा रहे हैं किसी भी सूरत में चाबी ना खो जाये, इस बात पर जोर? दुआ और हुआ वालों से सुना है उन्हें आशीर्वाद मिला हुआ है घनघोर? मगर हमें यहां पर पता चली है अंदर की भी बात? दिल्ली वाले भैया से भी वो रहे हैं अपनी संभावनाएं तलाश? सुना है आज उन्हीं के साथ होंगे वो बिजनौर के लिए सवार? बॉबी भैया अपने सिस्टम में अब किसी भी तरह का नहीं रखना चाहते हैं विकार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब हुई प्रबुद्ध भैया की जोनल के रेलवे पद पर घोषणा? तब इस घोषणा के बाद चाय की दुकान पर कुछ कार्यकर्ताओं ने किया सोचना? उन्होंने कहा हमें तो समझ ही नहीं आ रहा है हमारी पार्टी का सीन? नजरें इनायत उन पर हुई जो कुछ दिन पहले आये? हमारी तो अभी तक बंजर पड़ी हुई है जमीन? नहीं पड़ी है कृपा की अभी तक बूंद? ना जाने हमें क्यों लेकर ऊपर वालों ने आंखे रखी हुई हैं मूंद?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लाईन पार में जय में आनंद ढूंढने वाला है एक ब्राह्मण चेहरा? सुना है ये चेहरा बंधवाना चाहता है अपने सर पर महानमंत्री वाला सेहरा? हमें ये भी पता चला है कि इस चेहरे पर है हैवीवेट वालों का हाथ? अंदरखाने ये चेहरा मजबूती से बिछा रहा है अपनी बिसात? ये चेहरा बन गया है बिरादरी के ही चेहरों के सामने चुनौती? बस सामने वालों को इतनी राहत मिल रही है कि इनकी ऐज 60 से आगे निकल रही है?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जय में आनंद तलाशने वाले इस चेहरे की बिसात का हम आपको बता रहे हैं सीन? जब हुआ था फ्यूल वाला उद्घाटन? तब इन्होंने दो एकम किया था तीन? स्थानीय वाले जनप्रतिनिधि को भूल कर इन्होंने दिया था हैवीवेट वालों के साथ योद्धा को भाव? समझने वाले समझ जाओ, इनका अंदाज क्या दे रहा था संदेश? इन्होंने अपने खास दो चेहरों को एहसास करा दिया था? भले ही तीसरा पॉवर में हो, हमें तो आप दोनों की वजह से ही मिलेगा संगठन में स्पेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें तर्क वाले गर्ग साहब का लगता है अंदाज बहुत ही खास? वो जहां भी रखनी है खुल कर रख देते हैं बात? सुना है हाल ही में गये थे वो लाईट वजन वाले हैवीवेट वालों के पास? दिया था उन्हें संदेश कि हमें अभी चलना है आगे तक एक साथ? 2027 के बाद आप और हम बन जायेंगे फिर से वीर? फिर जिसको छोड़ने हैं छोड़ लेगा तीर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कलुवा भैया की ताजपोशी ना होने से कई चेहरे हैं बहुत ज्यादा हैरान? कहने वाले कह रहे हैं महानमंत्री के तौर पर ये चेहरा करता था बहुत ज्यादा काम? मगर ना जाने क्यों गुप्ता जी ने इनको अपनी टीम में नहीं दिया स्थान? कलुवा भैया को हटाने के पीछे है आखिर किसका प्लान? योद्धा तो नहीं कर सकते हैं किसी सक्रिय चेहरे को इग्नोर? लग रहा है किसी स्थानीय की दखल से ही कटी है इनकी डोर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पटेल वाले मौहल्ले में हो गया कुछ ऐसा खेल? आग लगी फूल वालों के घर में और हैंडपम्प वालों ने नहीं दिया पानी? सुना है हंस हंस कर बताई गई एक दूसरे को कहानी? कहने वाले कह रहे है कि जो देख रहा था भविष्य में पार्षद बनने के ख्वाब? उसका पत्ता तो मंडल से ही हो गया साफ? हैंडपम्प वाले इस घटना के बाद नजर आ रहे हैं बहुत खुश? मगर कोई नहीं समझ रहा है कश्यप के अंदर का दुख?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वो जनरली कभी नजर आते थे साहब के साथ? मगर पराशर भैया और भाटी जी पूरी सुंदरता से कब भगवा कमांडर के हो गये? होने वालों को हुआ ही नहीं इस परिवर्तन का एहसास? सुना है अब ये चेहरे कमांडर के यहां पर दे रहे हैं खूब टाईम? कमांडर भी इनके कार्यक्रमों में पहुंचकर कर रहे हैं इनका मामला फाईन? वैसे भी कमांडर की एक अदा है खास? जो होता है दूसरे खेमे का, उसका बदल देते हैं वो स्वभाव?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# वृंदा बनीं सीए फाउंडेशन में ऑल इंडिया टॉपर

## वृंदा ने 90.5 प्रतिशत अंक पाकर हासिल की फर्स्ट रैंक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद राजनगर परमार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष वीके अग्रवाल एवं विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान के तत्वावधान में राजनगर एक्सटेंशन पहुंच कर किया तुलसी अग्रवाल, वृंदा अग्रवाल का सम्मान परमार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष वीके अग्रवाल ने बताया। वीवीआईपी सोसाइटी में रहने वाली वृंदा अग्रवाल ने सीए फाउंडेशन में आल इंडिया फस्ट रैंक हासिल कर गाजियाबाद ही नहीं नहीं प्रदेश का नाम भी रोशन कर दिया है।

यह उनका पहला प्रयास था। आईसीएआई सिलेबस के आधार पर उन्होंने तैयारी कर 90.5% अंकों के साथ सफलता हासिल की है। साथ ही वृंदा की बड़ी बहन तुलसी अग्रवाल ने भी गाजियाबाद में पहला स्थान हासिल किया है। तुलसी अग्रवाल वृंदा की बड़ी बहन हैं। तुलसी ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 600 में से 400 अंक हासिल कर गाजियाबाद में पहला स्थान हासिल किया है। इस कामयाबी में वृंदा के माता-पिता का भरपूर सहयोग रहा। इस अवसर पर वृंदा के पिता नितिन कुमार एवं माता रुचि अग्रवाल का भी सम्मान किया गया।

# पूर्व पार्षद हेमलता शर्मा ने किया कार्यकर्ताओं का स्वागत



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद हेमलता शर्मा ने सोमवार को कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें नवनियुक्त मंडल के पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व पार्षद हेमलता शर्मा ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी महिलाओं का सम्मान करते और उन्होंने महिलाओं को 33% का आरक्षण दिया है।

उसी को आगे बढ़ाते हुए महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और कैबिनेट सुनील शर्मा ने मंडल में महिलाओं को स्थान दिया। और निरंतर महिलाओं को सम्मान देने का कार्य करते हैं।

डॉ. शिवानी गुप्ता ने मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा का आभार जताया और कहा कि मंडल में निष्ठा के साथ अपने दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करूंगी। नैंसी हजेला ने कहा मैं कश्मीरी समाज से आती हूं। पीएम मोदी ने कश्मीर प्रदेश के लिए एवं हमारे समाज के लिए बहुत कुछ किया है, मैं भी मंडल की टीम में मंडल अध्यक्ष के साथ पार्टी के सारे आयामों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लूंगी।

इस अवसर पर नीरू तोमर, पिंकी जादौन, प्रीति, रंजनी शर्मा, रंजना गुप्ता, सिमरन कौर, पूजा गर्ग, अर्चना महता, स्वीटी आहूजा, मोना सूरी, अंजुल अग्रवाल, पारुल खट्टर, ममता, मीनाक्षी, सुमन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज मकनपुर ने मनाया रजत जयंती समारोह

## रजत जयंती समारोह में महापौर सुनीता दयाल रहीं मुख्य अतिथि





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम बालिका विद्यालय मकनपुर के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय में मनाया गया रजत जयंती समारोह जिसमें महापौर सुनीता दयाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। जिसमें सर्व प्रथम महापौर का स्वागत कर कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित किया गया।

स्कूल की बालिकाओं के द्वारा कला का हुनर दिखाया और उन हेण्ड मेडिड वस्तुओं की प्रदर्शनी की जिको देख महापौर बहुत ही खुश हुई, साथ ही तकनीकी कला का भी हुनर दिखाया जिसमे महापौर ने बालिकाओं से वार्ता की और तकनीकी के प्रोसेस को जाना जिसमे बालिकाओं ने अपनी तकनीकी कला की पूर्ण जानकारी दी। इसके साथ बच्चियों ने स्वागत कृत्य और अलग अलग विषयों पर परफॉर्मेंस दी जिससे स्कूल का माहौल बहुत अच्छा हो गया और अन्य बच्चियों ने भी प्रेरणा ली।

### स्कूल को सभी मूलभूत सुविधाओं से करेंगे लैस : महापौर

करंट क्राइम। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि यह स्कूल 25 वर्ष पहले एक पेड़ के नीचे से शुरू हुआ था स्कूल जिसको धीरे धीरे आज इस मुकाम पर लाया गया है और कुछ एनजीओ हैं जिन्होंने भी समय समय पर स्कूलों में हर संभव कार्य किये है। यहाँ तक कि लैब भी बनवाई हैं उन सभी का भी धन्यवाद मोमेंटो से सम्मान किया गया है। नगर निगम के स्कूलों का मुकाबला अन्य स्कूल से हो जाये तो हमारी बच्चियों पीछे नही रहेंगी नगर निगम का नाम रोशन करेंगी और ये हेण्ड मेडिड वस्तुओं का एक्सिबिशन किया जा सकता है जिससे बच्चियों को इनकम भी हो सकती है और हमारा नगर निगम बालिका विद्यालय में अन्य प्राइवेट स्कूलों जैसी पढ़ाई है और केवल 60-70 रु प्रतिमाह फीस ली जा रही है जिससे गरीब बच्चियों को बेहतर शिक्षा मिल सके। कार्यक्रम के दौरान पार्षद धीरज अग्रवाल, पार्षद राधेश्याम त्यागी, पार्षद अनुज त्यागी, अपर नगर आयुक्त जंगबहादुर यादव, प्रधानाचार्य अनिता वशिष्ठ, पूर्व पार्षद सलेक चंद त्यागी, समस्त अतिथि एवं बालिकाएं आदि उपस्थित रहे।

# उत्सव भवनों के डिजाइन, चौराहों और जंक्शनों की सुंदरता बढ़ाने के लिए प्राधिकरण का बड़ा कदम

## जीडीए और वास्तुकला परिषद के बीच एमओयू पर हुए हस्ताक्षर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा गाजियाबाद आगमन पर गरीब एवं असहाय लोगों के लिए उत्सव भवनों के निर्माण और शहर के चौराहों/जंक्शनों की सुंदरता को बढ़ाने के उद्देश्य से दिए गए निर्देशों के क्रम में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण और वास्तुकला परिषद के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी के अंतर्गत पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें उत्सव भवनों की डिजाइन एवं गाजियाबाद के चौराहों/जंक्शनों की सुंदरता बढाने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। काउंसिल ऑफ आर्किट्रेचर/ वास्तुकला परिषद, जो कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय है, एवं गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के बीच सोमवार को नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य जीडीए के क्षेत्राधिकार में वास्तुकला एवं शहरी विकास से जुड़े नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। इस साझेदारी के अंतर्गत एक पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें उत्सव भवन की डिजाइन एवं गाजियाबाद के चौराहों/जंक्शनों की सुंदरता बढ़ाने हेतु प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

यह समझौता ज्ञापन प्रारंभ में एक वर्ष के लिए मान्य होगा और आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकता है। यह समझौता दोनों पक्षों की शहरी विकास में रचनात्मक सहयोग की मंशा को दर्शाता है, और गाजियाबाद को एक समावेशी, टिकाऊ एवं सुंदर शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में एक अहम कदम है।

# गंदगी को लेकर लिखा गया मुख्यमंत्री योगी के नाम एक निवेदन पत्र

## कहा अगर संबंधित विभाग दे ध्यान तो निकल सकता है हल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिवम त्यागी ने एक पत्र लिखकर साहिबाबाद मेट्रो स्टेशन क्षेत्र में स्थित दुकानदारों और आम नागरिकों की ओर से मुख्यमंत्री का ध्यान एक अत्यंत गंभीर और दुर्भाग्यपूर्ण समस्या की ओर आकर्षित किया है। उन्होंने अपने प0 में लिखा कि हाल ही में आपने साहिबाबाद मेट्रो स्टेशन का उद्घाटन करके जनता को एक नई सुविधा प्रदान की, जिसके लिए हम सभी हृदय से आपके आभारी हैं। लेकिन बहुत ही दुःख और चिंता के साथ कहना पड़ रहा है कि उद्घाटन के कुछ ही दिनों बाद इस क्षेत्र की स्थिति अत्यधिक दयनीय हो गई है।

मेट्रो स्टेशन के पास अब 'कूड़े का बड़ा ढेर' बन गया है, जहाँ रोजाना गंदगी फैली रहती है। यहाँ जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिससे न केवल वातावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि यहां से गुजरने वाले राहगीरों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और स्थानीय दुकानदारों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कई बार बदबू इतनी तीव्र होती है कि लोग रास्ता बदलने को मजबूर हो जाते हैं, और कई बार तो कपड़े तक गंदे हो जाते हैं। इस गंदगी का सीधा असर यहां के व्यापारियों और उनके ग्राहकों पर भी पड़ा है। ग्राहक इस गंदे माहौल के कारण दुकानों पर आने से कतरा रहे हैं, जिससे व्यापारी वर्ग को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। दुकानदारों का व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और ग्राहक भी असंतुष्ट हैं।

### पूर्व में कर चुके हैं निगम और अधिकारियों से भी इस बात की शिकायत

करंट क्राइम। शिवम त्यागीने अपने पत्र में लिखा है कि पूर्व में भी इस समस्या को लेकर कई बार नगर निगम और संबंधित विभागों के कर्मचारियों से शिकायत की है, लेकिन अब तक न तो कोई ठोस कार्रवाई की गई और न ही कोई स्थायी समाधान निकल पाया है। मुख्यमंत्री योगी और प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों से पूर्ण रूप से संतुष्ट हैं और उनके प्रयासों का सम्मान करते हैं, लेकिन यह देख कर बहुत दु:ख होता है कि जमीनी स्तर पर कुछ कर्मचरियों की लापरवाही से सरकार की मेहनत पर पानी फिर रहा है। कृपया इस मुद्दे को प्राथमिकता पर लें और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दें कि इस इलाके की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए और कूड़े के निस्तारण के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए। आपका यह एक निर्णय इस क्षेत्र के हजारों नागरिकों और दुकानदारों के जीवन में राहत ला सकता है।

# कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए किए पुख्ता इंतजाम

## डीआईजी बोले 4 जिलों में 551 वाहन तैनात, कंट्रोल रूम से हर घंटे होगी निगरानी



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** श्रावण मास कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पुलिस उप महानिरीक्षक कलानिधि नैथानी ने अपर राज्य रेडियो अधिकारी विनोद कुमार सिंह के साथ इसकी समीक्षा की। हापुड़ में चाक चौबंद व्यवस्था डीआईजी ने बताया कि मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ में कुल 263 चार पहिया और 288 दो पहिया वाहन तैनात किए गए हैं। मेरठ में 115 फोर व्हीलर और 55 टू व्हीलर लगाए गए हैं। बुलंदशहर में 78 फोर व्हीलर और 102 टू व्हीलर तैनात हैं। बागपत में 48 फोर व्हीलर और 72 टू व्हीलर की तैनाती की गई है। हापुड़ में 22 फोर व्हीलर और 59 टू व्हीलर लगाए गए हैं। संचार व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। मेरठ को अतिरिक्त रिपीटर सेट दिए गए हैं। बागपत को 53 स्टैटिक/मोबाइल सेट और 46 हैंड हेल्ड सेट मिले हैं। हापुड़ को 18 स्टैटिक/मोबाइल सेट और 35 हैंड हेल्ड सेट दिए गए हैं। बुलंदशहर को 12 स्टैटिक/मोबाइल सेट उपलब्ध कराए गए हैं। यात्रा मार्गों पर सब कंट्रोल रूम बनाए गए हैं।

मेरठ में बाबा औघड़नाथ मंदिर और बचत भवन पर कंट्रोल रूम हैं। बागपत में पुरा महादेव मंदिर समेत पांच स्थानों पर निगरानी केंद्र स्थापित किए गए हैं। बुलंदशहर में बराल, भीमपुर दोराहा और अम्बकेश्वर मंदिर पर कंट्रोल रूम हैं। हापुड़ में ब्रजघाट, सबली मंदिर, आजमपुर देहपा शिव मंदिर और छपकौली शिव मंदिर पर निगरानी केंद्र बनाए गए हैं। हर जनपद प्रति घंटे कांवड़ यात्रा की जानकारी रेंज कंट्रोल को देगा। आपात स्थिति में जोनल और सेक्टर बल के साथ कांवड़ मोबाइल, क्यूआरटी और एंबुलेंस तुरंत मौके पर भेजी जाएंगी। सीसीटीवी कंट्रोल रूम, यूपी-112 और इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर में आपसी तालमेल रखा जाएगा।